


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 21 मार्च 2026 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-03 ■ वर्ष -41 ■ अंक-347 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## ईरान से जंग के बीच डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका

### अमेरिका को हथियार देने से स्विट्जरलैंड ने किया साफ मना, कहा- हम न्यूट्रल हैं

वाशिंगटन,21 मार्च। ईरान-इजराइल युद्ध के बीच स्विट्जरलैंड ने अमेरिका को तगड़ा झटका देते हुए सैन्य हथियारों के निर्यात पर रोक लगा दी है. स्विस सरकार ने अपने न्यूट्रल रहने की नीति का हवाला देते हुए साफ किया कि जंग में शामिल देश को युद्ध सामग्री की आपूर्ति नहीं की जाएगी. डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के लिए यह बड़ी कूटनीतिक हार है क्योंकि अब अमेरिका को भविष्य में स्विस हथियारों के लिए कोई नया लाइसेंस नहीं मिलेगा. स्विट्जरलैंड ने कहा कि कहा कि 28 फरवरी को ईरान पर इजरायल और अमेरिका की ओर से किए गए हमले के बाद से यूएस को हथियार के निर्यात के लिए कोई नया लाइसेंस जारी नहीं किया गया है. मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच स्विट्जरलैंड ने अमेरिका को हथियारों के निर्यात पर रोक लगा दी. स्विट्जरलैंड ने राजनीतिक मतभेद में निष्पक्ष रहने का हवाला देते हुए कहा कि वे हथियार निर्यात को तब तक मंजूरी नहीं देंगे जब तक पश्चिम एशिया में जंग जारी है. इस कार्रवाई से अमेरिका को हथियारों की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है. स्विट्जरलैंड ने पहले भी अपनी तटस्थता के कारण इराक युद्ध के दौरान अमेरिका को हथियारों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था.

साल 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में इराक पर हुए हमले के बाद, स्विट्जरलैंड ने स्विस हवाई क्षेत्र से होकर गुजरने वाली उड़ानों और युद्ध में शामिल देशों को हथियारों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था. बाद में उसने इन प्रतिबंधों को हटा लिया. स्विट्जरलैंड सरकार ने एक बयान में कहा, 'ईरान के साथ जंग में शामिल देशों को जंग के दौरान हथियार निर्यात का लाइसेंस जारी नहीं किया जा सकता. अमेरिका को भी फिलहाल युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार के निर्यात को मंजूरी नहीं दी जा सकती है. स्विट्जरलैंड सरकार ने शुक्रवार (20 मार्च 2026) को कहा कि 28 फरवरी को ईरान पर इजरायल और अमेरिका की ओर से किए गए हमले के बाद से यूएस को हथियार के निर्यात के लिए कोई नया लाइसेंस जारी नहीं किया गया है. सरकार ने कहा कि डिफेंस सेक्टर से जुड़े एक्सपर्ट का ग्रुप अमेरिका को हथियार निर्यात से जुड़े घटनाक्रमों की समीक्षा करेगा. स्विट्जरलैंड के इस फैसले का असर अमेरिका पर पड़ता नजर भी आ रहा है. डोनाल्ड ट्रंप मिडिया के सामने भले ही ये कह रहे हों कि वह ईरान में सेना को नहीं उतारेंगे, लेकिन 2,200 मरीन सैनिकों के साथ यूएसएस त्रिपोली वॉरशिप का मिडिल ईस्ट की ओर बढ़ना कुछ और ही इशारा कर रहा है. सैटेलाइट तस्वीरों से ये खुलासा हुआ है. स्विट्जरलैंड ने साफ कर दिया है कि वह किसी ऐसी जंग का हिस्सा नहीं बनेगा जहां मानवता दांव पर हो. जब तक ईरान के साथ संघर्ष जारी रहेगा तब तक अमेरिका को एक भी नया हथियार लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा. ट्रंप की वॉर मशीन को स्विस सरकार ने बीच मझधार में खड़ा कर दिया है. अब देखना यह है कि दूसरों को प्रतिबंधों की धमकी देने वाले ट्रंप इस नो-वेपन डील पर क्या सफाई देते हैं.

### डर के साये में ईद

ईद के मौके पर खाड़ी देशों में इस बार वैसी रौनक नहीं दिखी। ईरान युद्ध की वजह से खाड़ी देशों में ईद फीकी दिखाई दी। कई देशों ने अपने लोगों को खुले में नमाज ना पढ़ने की हिदायत दी है। बाजारों में भी पहले वाली रौनक नहीं दिखी। दुनियाभर में शनिवार यानी 21 फरवरी को ईद मनाई जा रही है।

अरब देशों में ईद की रौनक ही कुछ और रहती थी। हालांकि इस बार इन देशों में भी ईद डर के साये में मन रही है। कतर, कुवैत और यूएई जैसे देशों में भी लोगों को खुले में नमाज अदा करने से रोक दिया गया। उन्हें डर है कि कहीं कोई मिसाइल ना आ गिरे। मुस्लिमों के लिए सबसे पवित्र स्थानों में से एक यरुशलम की अल-अक्सा मस्जिद सुनसान ही पड़ी रही। यहां लोगों के आने पर इजरायल ने प्रतिबंध लगा दिया था। ईरान के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से ही अल-अक्सा मस्जिद को सील कर दिया गया था।

## बिलासपुर डैम का एक हिस्सा टूटा

**रायगढ़,21 मार्च।** बिलासपुर डैम का एक हिस्सा अचानक टूटने से देर रात कई गांवों में पानी घुस गया। जलाशय का पानी एक दर्जन से अधिक गांवों में अचानक घुसने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लेकिन मांग पूरी नहीं होने पर किसानों ने खुद पानी निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान डैम का एक हिस्सा टूट गया और पानी तेजी से बहते हुए कई गांवों में घुस गया। प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर



मामले की जानकारी मिलते ही प्रशासन अलर्ट हुआ। प्रभावित गांवों में राहत और बचाव कार्य जारी है। प्रशासन ने स्थिति को जल्द नियंत्रण में लेने का आश्वासन दिया है। बता दें कि बिलासपुर जलाशय भूपदेवपुर में है। दो दिन पहले किसानों ने प्रशासन से पानी खोलने की मांग की थी, लगातार पानी को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। टूटे हुए गेट को ठीक करने के लिए भी टीमें पिछले 17 घंटे से लगातार काम में जुटी हुई हैं। लगातार पानी बहने से जलाशय का स्तर तेजी से कम हो रहा है, वहीं प्रभावित गांवों में राहत और बचाव कार्य जारी है।

### देश में खुलेंगे 100 नए सैनिक स्कूल

**नई दिल्ली,21 मार्च।** देश की रक्षा तैयारियों और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी को नया आयाम देते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ी घोषणाएं की हैं। सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के डायमंड जुबली समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने देश भर में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने और एनसीसी कैडेटों की संख्या में भारी बढ़ोतरी करने का ऐलान किया। रक्षा मंत्री ने युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति के मूल्यों को समाहित करने के उद्देश्य से नेशनल कैडेट कोर के विस्तार की घोषणा की। उन्होंने कहा, "हमने एनसीसी में रिक्तियों की संख्या बढ़ा दी है। पहले जहां भर्ती का लक्ष्य 17 लाख (1.7 मिलियन) था, अब इसे बढ़ाकर 20 लाख (2 मिलियन) करने का निर्णय लिया गया है। इससे अधिक से अधिक बच्चों को राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक संस्कार सीखने का अवसर मिलेगा।" सैन्य उन्मुख शिक्षा के दायरे को बढ़ाते हुए राजनाथ सिंह ने बताया कि सरकार पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के तहत देश में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये संस्थान न केवल रक्षा सेवाओं के लिए युवाओं को तैयार करते हैं.

### ईरान से क्रूड ऑयल खरीदने की तैयारी में भारत की कंपनियां

**नई दिल्ली,21 मार्च।** भीषण संघर्ष के बीच भारत के ऊर्जा बाजार के लिए एक राहत की खबर सामने आ रही है। भारत में कच्चे तेल को रिफाइन करने वाली कंपनियों ने एक बार फिर ईरान से कच्चे तेल के आयात की प्रक्रिया शुरू करने के संकेत दिए हैं। मिडिल ईस्ट में जारी भीषण संघर्ष के बीच भारत के ऊर्जा बाजार के लिए एक राहत की खबर सामने आ रही है। भारत में कच्चे तेल को रिफाइन करने वाली कंपनियों ने एक बार फिर ईरान से कच्चे तेल के आयात की प्रक्रिया शुरू करने के संकेत दिए हैं। यह कदम अमेरिका द्वारा ईरान पर लगे कुछ प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के बाद उठाया जा रहा है। हालांकि, रिफाइनरों ने स्पष्ट किया है कि वास्तविक खरीदारी और अनुबंधों पर हस्ताक्षर केवल भारत सरकार से औपचारिक अनुमति मिलने के बाद ही किए जाएंगे।

## बस्तर में बारिश से भीगा हजारों क्विंटल धान, जिम्मेदार मौन

मृण्मय बारोई

**जगदलपुर,21 मार्च।** (बस्तर) जिला बस्तर के जगदलपुर क्षेत्र में बेमौसम बारिश ने जहां किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है, वहीं धान खरीदी केंद्रों की अव्यवस्था और लापरवाही ने हालात को और भी गंभीर बना दिया है। खरीदी केंद्रों में खुले आसमान के नीचे रखा हजारों क्विंटल धान भीग गया, जिससे शासन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, खरीदी केंद्रों में धान को सुरक्षित रखने के लिए शासन द्वारा शेड और तिरपाल की व्यवस्था किए जाने के स्पष्ट निर्देश हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन व्यवस्थाओं का घोर अभाव देखने को मिल रहा है। कई स्थानों पर धान के बोरे खुले में पड़े रहे और बारिश में पूरी तरह भीग गए। नमी बढ़ने के कारण धान के सड़ने और अंकुरित होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे व्यापारी भी ऐसे धान को खरीदने से बच रहे हैं।



**फर्जी खरीदी और मिल मालिकों से साठगांठ का आरोप**-ग्रामीण मनीष कश्यप ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र प्रभारी द्वारा वास्तविक खरीदी से अधिक धान खरीदी का आंकड़ा शासन को भेजा गया है। जमीनी स्तर पर कम खरीदी के बावजूद रिकॉर्ड में अधिक मात्रा दिखाकर व्यापारियों और राइस मिल मालिकों के साथ साठगांठ कर लाखों के घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है। बाद में इस अंतर को समायोजित करने के लिए लेन-देन और बंदरबांट का खेल चलता है।

### नानगुर तथा खरीदी केंद्र में गंभीर लापरवाही के आरोप

इसी कड़ी में धान खरीदी केंद्र नानगुर , से गंभीर मामला सामने आया है। केंद्र प्रभारी तरुण सेठिया पर आरोप है कि उन्होंने मौसम खराब होने की पूर्व चेतावनी के बावजूद धान को जानबूझकर खुले में रखा। आरोप यह भी है कि इस लापरवाही के पीछे धान खरीदी में किए गए भ्रष्टाचार को छिपाने की मंशा थी, ताकि बारिश में भीगने के बाद खराब धान और गड़बड़ी पर पर्दा डाला जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र में खराब और भूसा मिला हुआ धान भी खरीदा गया था। अब बारिश के बाद उसी धान के खराब होने का हवाला देकर भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश की जा रही है।

### शिकायतों के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित प्रभारी के खिलाफ पहले भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। यही कारण है कि लगातार भ्रष्टाचार करने का उसका मनोबल बढ़ता गया और अब स्थिति और गंभीर हो गई है।

### अधिकारी भी साधे चुप्पी

मामले में जब जिला विपणन अधिकारी राजेंद्र ध्रुव से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन उठाना तक उचित नहीं समझा, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बेमौसम बारिश एक प्राकृतिक आपदा जरूर है, लेकिन यदि समय रहते व्यवस्थाएं दुरुस्त होतीं तो शासन के करोड़ों रुपए यूं बर्बाद नहीं होती यह रुपए आम कर दाताओं द्वारा टैक्स के रूप में शासन को दिया जाता है। जिसकी बर्बादी बदस्तूर जारी है, अब सवाल यह उठता है कि इस पूरे मामले में जिम्मेदारों पर कब और क्या कार्रवाई होगी, या फिर हर बार की तरह यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंदिर पहुंच मां बमलेश्वरी के किए दर्शन

**डोंगरगढ़,21 मार्च।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का शुक्रवार, 20 मार्च को धर्मनगरी डोंगरगढ़ आगमन हुआ। कांग्रेस जनों ने किया उनका भव्य स्वागत किया। शाम लगभग 6:00 बजे मां बमलेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे बघेल का छिरपानी रोपवे के पास शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने पुष्पमालाओं एवं नारों के साथ अपने नेता का स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल। जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज़ खान प्रदेश



कांग्रेस कमेटी महामंत्री थानेश्वर पाटीला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश भंडारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष पंचराम चंदेल कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा सत्र की कार्यवाही को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदन में प्रदेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए, वहीं भाजपा विधायकों द्वारा पूछे गए सवाल उनके संवैधानिक अधिकार का हिस्सा हैं। हालांकि उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के भीतर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। डिप्टी सीएम अरुण साव द्वारा कांग्रेस पर अफीम मामले को लेकर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए भूपेश बघेल ने बयान को "मूर्खतापूर्ण" बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अफीम से जुड़े मामलों में भाजपा नेताओं की संलिप्तता सामने आई है, और जिन घटनाओं का जिक्र किया जा रहा है, वे वर्तमान भाजपा शासनकाल में ही हुई हैं।इस अवसर पर रामजी तराने संदीप सिंह गहरवाल सन्नी भाटिया अक्षय चौरड़िया प्रजेश सहारे रवि बाघमरे किरण मेश्राम रेखा खोबरागड़े नलिनी मेश्राम ऋषि शर्मा आदि कांग्रेसी जन उपस्थित रहे।


## सीआरपीएफ कैंप में माओवादी हमला केस एनआईए ने दाखिल की सप्लिमेंट्री चार्जशीट

**जगदलपुर,21 मार्च।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने वर्ष 2024 में सीआरपीएफ कैंप पर हुए माओवादी हमले के मामले में सप्लिमेंट्री चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह चार्जशीट बीजापुर जिले के धर्मावरम क्षेत्र में स्थापित नए कैंप पर हुए हमले से जुड़ी है, जिसमें सीआरपीएफ के करीब एक दर्जन जवान घायल हुए थे। जानकारी के अनुसार, 16 जनवरी 2024 को माओवादियों ने एक साथ बीजापुर के धर्मावरम, चिंतावागु और पामेड स्थित सीआरपीएफ कैंपों पर समन्वित हमला किया था। इस बड़े हमले में लगभग 300 माओवादी शामिल थे, जिन्होंने सुरक्षा बलों को निशाना बनाया। एनआईए द्वारा दाखिल सप्लिमेंट्री चार्जशीट में तीन गिरफ्तार माओवादियों अवलम भीमा, मदकम नंदा और मदकम देवा उर्फ रतनके साथ ही तीन फरार आरोपियों को भी नामजद किया गया है। इन सभी के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम , भारतीय दंड संहिता, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताया गया है कि इससे पहले भी एनआईए इस मामले में 17 माओवादियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। ताजा सप्लिमेंट्री चार्जशीट के साथ जांच एजेंसी ने हमले से जुड़े अन्य अहम सबूत और आरोपों को भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया है। इस कार्रवाई को सुरक्षा बलों के खिलाफ माओवादी गतिविधियों पर शिकंजा कसने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।




## मिडिल-ईस्ट जंग की आग हिन्द महासागर तक पहुंची

**नई दिल्ली,21 मार्च।** अमेरिका और इजरायल ने जबसे ईरान पर अटैक किया है. पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है. एनर्जी सप्लाई चेन के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट के बाधित होने से नए तरह का संकट पैदा हो गया है. अभी इस समस्या का समाधान निकला भी नहीं था कि भारत से तकरीबन 1800 किलोमीटर की दूरी पर एक नया संकट पैदा हो गया है. अमेरिका और इजरायल ने पश्चिम एशिया के उस हिस्से पर हमला किया है, जो दुनिया को रफ्तार देता है. ईरान के एनर्जी प्लांट पर अटैक किया गया. इसके जवाब में तेहरान ने भी कतर और साऊदी जैसे देशों को निशाना बनाया. दूसरी तरफ, होर्मुज स्ट्रेट में मचे बवाल ने पूरे मामले को और सीरियस बना दिया है. एनर्जी कॉरिडोर होर्मुज से जहाजों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है. इस पूरे घटनाक्रम से भारत भी अछूता नहीं है. अब ईरान जंग की धधक हिन्द महासागर तक पहुंच गई है. ईरान ने इंडियन ओशन में स्थित अमेरिका-ब्रिटेन के ज्वाइंट



मिलिट्री बेस डिएगो गार्सिया पर मिसाइल अटैक किया है. ईरान के इस कदम से युद्ध की आग और भड़कने की आशंका है और यदि हिन्द महासागर क्षेत्र भी इसकी चपेट में आता है तो इससे निपटना भारत के लिए एक और चुनौती होगी. दरअसल, ईरान ने जिस डिएगो गार्सिया की तरफ मिसाइलें दागी हैं, वह भारत से तकीबन 1800 किलोमीटर की दूरी पर ही स्थित है. भारत के लिए हिन्द महासागर बड़ा ट्रांजिट कॉरिडोर भी है, ऐसे में यदि टकराव की नौबत आती है तो नई दिल्ली के लिए यह कतई शुभ समाचार नहीं होगा. हिन्द महासागर भारत के लिए वॉटर गेटवे है, ऐसे में भारत यह बिल्कुल नहीं चाहेगा कि उसकी दहलीज पर किसी तरह का टकराव हो. हिन्द महासागर भारत के लिए लाइफलाइन की तरह है, जहां से देश का 90 प्रतिशत से अधिक व्यापार (वॉल्यूम के आधार पर) और लगभग 70 प्रतिशत व्यापार (मूल्य के आधार पर) संचालित होता है. यही नहीं भारत के करीब 80 प्रतिशत तेल आयात भी इसी मार्ग से होते हैं. इसके अलावा ब्लू इकोनॉमी के तहत मत्स्य पालन, ऑयल एक्सप्लोरेशन और गहरे समुद्री खनन जैसी गतिविधियां भारत की दीर्घकालिक आर्थिक संभावनाओं को भी मजबूती प्रदान कर रही हैं. चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स रणनीति का मुकाबला करने के लिए भारत ने अपनी नौसैनिक मौजूदगी बढ़ाई है और सेशेल्स, मॉरीशस व मालदीव जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत की है. एक्ट ईस्ट और नेबरहुड फर्स्ट नीतियां भी समुद्री संपर्क पर आधारित हैं, जबकि 23 सदस्य देशों वाला इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (IORA) क्षेत्रीय सहयोग में अहम भूमिका निभा रहा है.

## पत्नी नौकरानी नहीं जीवनसाथी है, पति भी घर के काम में हाथ बटाएं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,21 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवाद पर एक ऐतिहासिक टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि घर के कामों में पति की बराबर जिम्मेदारी है। अब खाना न बनाना या सफाई न करना क्रूरता नहीं माना जाएगा। शादी का आधार समानता होना चाहिए, न कि सेवा की उम्मीद। क्या घर का काम न करना या खाना न बनाना तलाक की वजह हो सकता है? अक्सर समाज में महिलाओं से ही घर संभालने की उम्मीद की जाती है। वहीं अब देश की सबसे बड़ी अदालत ने इस सोच पर कड़ा प्रहार किया है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों ने पतियों को आईना दिखाते हुए समानता का पाठ पढ़ाया है।

यह मामला साल 2017 में हुई एक शादी से शुरू हुआ था। साल 2019 से ही पति और पत्नी दोनों एक-दूसरे से अलग रह रहे हैं। पति ने आरोप लगाया था कि पत्नी घर का काम नहीं करती है, ना ही खाना बनाती है। साथ ही याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि महिला गलत व्यवहार करती थी। इस पर जस्टिस नाथ ने कहा कि आपको (पति) भी इन सभी कामों में बराबर हिस्सा लेना चाहिए। शुरुआत में निचली अदालत ने पति के पक्ष में अपना फैसला सुनाया था। पति ने तलाक



की मांग की थी। इसके बाद अदालत ने क्रूरता के आधार पर दोनों को तलाक की मंजूरी दे दी थी। हालांकि बाद में हाई कोर्ट ने इस आदेश को पूरी तरह बदल दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट (सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई) ने भी हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया है।

जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने पति को कड़ी नसीहत दी है। कोर्ट ने कहा कि आप किसी नौकरानी से शादी नहीं कर रहे हैं। पत्नी को जीवनसाथी समझकर ही विवाह के बंधन में बंधना चाहिए। घर के कामों की जिम्मेदारी अकेले महिला पर डालना पूरी तरह गलत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पतियों को भी घर की सफाई करनी चाहिए। उन्हें कपड़े धोने और खाना बनाने जैसे कामों में हाथ बंटाना चाहिए।

जानकारी के अनुसार इस मामले से जुड़े दोनों ही पक्ष सरकारी स्कूल में काम करते हैं। कोर्ट ने पाया कि दोनों के बीच मध्यस्थता की सभी कोशिशें अब तक नाकाम रही हैं। अब अदालत खुद दोनों पक्षों से आमने-सामने बात करना चाहती है। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि दोनों पक्षों को व्यक्तिगत रूप से बुलाना चाहिए और उनसे बात करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली तारीख 27 अप्रैल तय की है।

# उप मुख्यमंत्री शर्मा के विशेष प्रयास से भोरमदेव शक्कर कारखाने ने जारी किए 5.97 करोड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 21 मार्च।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर गन्ना किसानों को बड़ी सौगात मिली है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादितए राम्हेपुर कवर्धा द्वारा गन्ना किसानों को 5.97 करोड़ की राशि जारी की गई है। इसके साथ ही कारखाना द्वारा अब तक गन्ना किसानों को 57.48 करोड़ का भुगतान पूर्ण किया जा चुका है। नियमित और समयबद्ध भुगतान से क्षेत्र के किसानों में उत्साहए संतोष और प्रसन्नता का वातावरण बना हुआ है।

कलेक्टर एवं कारखाने के प्राधिकृत अधिकारी श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भुगतान प्रक्रिया निरंतर जारी हैए जिससे सहकारी व्यवस्था में किसानों का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। कारखाना प्रबंधन ने बताया कि यह निरंतरता किसानों की आर्थिक मजबूती के साथ.साथ कारखाने के सुचारु संचालन को भी स्थायित्व प्रदान कर रही है। कारखाना प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चालू पेराई सत्र में 255818 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई तथा 3.09.120 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। यह उपलब्धि किसानों के सहयोगए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और कारखाने की बेहतर कार्यक्षमता का संयुक्त परिणाम मानी जा रही है।

### किसानों एवं श्रमिकों के हित में निरंतर कार्य

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना क्षेत्र के किसानों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति का मजबूत आधार बना हुआ है। कारखाने द्वारा थ्त्च् के अतिरिक्त रिकवरी राशि का भुगतानए शासन द्वारा प्रदत्त बोनसए रियायती दर पर शक्कर वितरणए उन्नत बीज उपलब्ध करानाए किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कारखाना परिसर में किसानों के लिए सर्वसुविधायुक्त बलराम सदनए तथा मात्र 5 में गरम भोजन की कैंटीन सुविधा सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### कारखाना का प्रमुख योगदान

कारखाने के द्वारा स्थापना के समय से आज तक किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है तथा प्रारंभ से ही जिले की अर्थव्यवस्था के इंजन के रूप में कार्य किया जा रहा है। गन्ने की फसल के लिए किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य की गारंटी प्रदान करनाए जिससे उनका आर्थिक हित सुरक्षित बना रहे। प्रदेश में फसल विविधता को बनाए रखने तथा शासन की नीति अनुसार धान के बदले अन्य फसलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका। क्षेत्र के लोगों के लिए स्थायी रोजगार उपलब्ध कराना। गन्ना फसल के लिए संपूर्ण इकोसिस्टम विकसित करनाए जिसमें बीजए उर्वरकए कीटनाशकए कृषि यंत्रए परिवहन एवं कटाई आदि से जुड़े हजारों लोगों के लिए अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन। प्रदेश की पीडीएस व्यवस्था के अंतर्गत शक्कर वितरण हेतु नागरिक आपूर्ति निगम को बाजार मूल्य से कम दर पर शक्कर उपलब्ध करानाए जिससे प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान। जिला कबीरधाम के स्थानीय बाजार को वित्तीय तरलता प्रदान कर उसके विकास में योगदान देना।



### माता के मंदिरों में पहुंच रही है श्रद्धालुओं की भीड़

**कवर्धा,21 मार्च (तछसं.)।** कबीरधाम जिले में मां महामाया मंदिर , मां शीतला मंदिर मां विंध्यवासिनी मंदिर , मां दुर्गा मंदिर में बच्चे , महिलाएं ओर परिवार के सदस्य सुबह से ही मंदिर पहुंचकर पूजा कर रहे है । श्रद्धालुओं के द्वारा अगरबत्ती , दिया जलाकर नारियल , केला मिठाई एवं फल फूल चढ़ाकर पूजा की जा रही है ।



## स्वच्छता के लिए निगम विशेष अभियान चलाकर नालियां साफ करा रहा

**भिलाई, 21 मार्च।** नगर निगम क्षेत्र में नालियों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर अलग-अलग टीमों का गठन कर विभिन्न वार्डों तथा सड़कों के किनारे स्थित नालियों की नियमित सफाई कराई जा रही है। सफाई कर्मी सुबह से ही प्रमुख सड़कों, गलियों और बस्तियों में जमी गंदगी को हटाने में जुटे हैं। नालियों से निकले कचरे का तत्काल उठाव भी सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि पुनः गंदगी न फैले। आगामी बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए इस अभियान को तेज किया गया है, जिससे जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। निगम द्वारा मशीनों एवं मैनपावर दोनों का उपयोग कर सफाई कार्य को प्रभावी बनाया जा रहा है। साथ ही प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे कचरा नालियों में न डालें ।

## एक नजर

### गांजा बेचते हुए दो गिरफ्तार



**भिलाई, 21 मार्च (तछसं.)।** भिलाई उतई थाने पुलिस ने ग्राम पतोरा तालाब के पास कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गांजा बेचते हुएपकड़ा उतई टीआई महेश ध्रुव के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के नाम मिलेश प्रजापति और नंद कुमार यादव हैं। दोनों की तलाशी लेने पर 2.975 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ पुलिस ने गांजा के साथ एक बाइक और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है पुलिस की लगातार कार्रवाई से मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ऐसे अपराधों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### अपराधों पर तुरंत कार्रवाई हो:डीआईजी



**भिलाई, 21 मार्च (तछसं.)।** अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की उन्होने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपराधों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चत होगी बैठक में अपराध नियंत्रण, जांच की गुणवत्ता और प्रशासनिक अनुशासन परचर्चा हुई लंबित मामलों को जल्द निपटाने के लिए ठोस रणनीति बनाई गई वर्ष 2024 से पहले के लंबित अपराध, चालान, मर्ग और शिकायतों को प्राथमिकता पर समाप्त करने के निर्देश दिए गए थानों में अनावश्यक बोझ कम करने और रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के लिए लावारिस और जब्त संपत्तियों का शीघ्र निराकरण करने पर जोर दिया सभी गंभीर अपराधों में तुरंत अपराध दर्ज करने और विवेचना शुरू करने को कहा गया है सूचना को नजरअंदाज करने और वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर जानकारी देने पर जोर दिया है बाहरी टीम भेजने की आवश्यकता होने पर बिना देरी कार्रवाई करे। जिले में बढ़ते नशे और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया है एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करनी होगी जुआ-सट्टा मामलों में विशेष टीम गठित कर स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी तय करे।

### गांजा विक्रेता पकड़ा गया

**भिलाई, 21 मार्च (तछसं.)।** गांजा के साथ अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर



रिसाली सेक्टर भिलाई स्थित ब्लॉक 298 एल के सामने अवैध रूप से गांजा बेचा जा रहा था मुखबिर की सूचना पर रिसाली सेक्टर निवासी कविराज लीमा को नेवई थाने पुलिस ने पकड़ा गया आरोपी के पास से 3.554 किलोग्राम मादक पदार्थ मिला जिसकी कीमत 1.75 लाख रुपए आंकी गई है नेवई पुलिस ने कहा कि नसे को लेकर कोई भी जानकारी मिलने करने पर कोई भई दस्तावेज निकाले ।

### भाई के साथ विवाद,बहन ने फांसी लगाई

**भिलाई, 21 मार्च (तछसं.)।** बड़े भाई के साथ कहासुनी होने पर चौथी की छात्रा बहन ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला



सामने आया है शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है मर्ग कायम कर जांच में लिया है जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि गणेश नगर वार्ड 5 जामुल निवासी गुरप्रीत कौर उर्फ खुशी ( 10 साल ) अपने बड़े भाई ( 17 साल ) के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी आक्रोश में आकर खुशी अपने कमरे में भागकर अपनी चुन्नी को फांसी का फंदा बनाकर झूल गई इधर बड़ा भाई आराम से खाना निकालकर टीवी देखते हुए खा रहा था भाई ने जब आवाज लगाया लेकिन खुशी की तरह से कोई हलचल नहीं होने पर दौड़ते हुए कमरे की ओर गया जहां खुसी फांसी के फंदे पर लटकी मिली परिजन व आसपास के लोगों की मदद से फंदे से खुशी को उतारकर अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टर ने चेक कर उसे मृत घोषित कर दिया।

## शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए उपयोगी और ज्ञानवर्धक:डॉ. डीपी कुर्रे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,21 मार्च।** शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई के प्राचार्य डॉ. डी. पी. कुर्रे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं समाजशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ विधान सभा के बजट सत्र की कार्यवाही प्रत्यक्ष रूप से देखने हेतु विधान सभा भवन, नवा रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इससे विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि हुई। वे पहली बार बजट सत्र की प्रक्रिया एवं कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देख सके। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डी. पी. कुर्रे ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ÷यह शैक्षणिक भ्रमण आप सभी के लिए बहुत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक है। बजट सत्र की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलना आप सब के लिए एक सुअवसर है। पढ़ी-पढ़ाई बातों को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने के कारण आप उसे कभी नही भूल पायेगे। इस शैक्षणिक भ्रमण में लगभग 40 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। विधानसभा भवन में चल रहे बजट सत्र की सभी प्रक्रियाओं की बारिकियों को उन्हें करीब से देखने, समझने का अवसर मिला। उन्होंने अपने अनुभव को अन्य सभी विद्यार्थियों के साथ साझा किया। विद्यार्थियों ने भविष्य में भी ऐसे ही शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किये जाने की प्रबल इच्छा जाहिर की। शैक्षणिक भ्रमण में अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. शुभा शर्मा, डॉ. सीमा अग्रवाल, सुधा उमरे; समाजशास्त्र विभाग से डॉ. विद्या पंचागम, प्रो. अर्चना पाण्डेय एवं राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ. भावना दिवाकर विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहीं।

### भिलाई निगम का विशेष बजट सत्र 25 को

**भिलाई, 21 मार्च ।** नगर निगम भिलाई का वार्षिक बजट 17 मार्च को महापौर परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया गया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने महापौर नीरज पाल के समक्ष आगामी वित्तीय वर्ष का बजट पेश किया। बैठक के दौरान बजट के विभिन्न प्रावधानों एवं शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। निगम प्रशासन ने बजट में शहर के आधारभूत ढांचे के विकास, सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया है। प्रस्तुत बजट पर विस्तृत चर्चा के लिए 25 मार्च को विशेष बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में पार्षदों द्वारा बजट के विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श कर आवश्यक सुझाव दिए जाएंगे, जिसके बाद बजट को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## सहकार भारती महिला प्रकोष्ठ का राज्य स्तरीय सम्मेलन 22 को



**भिलाई, 21 मार्च।** सहकार भारती छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा महिला प्रकोष्ठ का राज्य स्तरीय सम्मेलन 22 मार्च, रविवार को सेक्टर-7 स्थित शांति सभागार में आयोजित किया गया है। आयोजन की तैयारियों को लेकर महिला प्रकोष्ठ की एक बैठक लक्ष्य प्रकल्प में आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मार्गदर्शन देते हुए सहकार भारती के प्रदेश संगठन महामंत्री कनीराम ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेशभर से सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं भाग लेंगी, जो विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदय जोशी, राष्ट्रीय महिला प्रमुख श्रीमती रेवती ताई शेन्दुर्निकर, राष्ट्रीय मंत्री एवं क्षेत्र प्रमुख दिलीप पाटील सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रांतीय टोली सदस्य डॉ. लक्ष्मीकांत द्विवेदी, पूजा पाण्डेय, डॉ. अनुज नारद, कोषाध्यक्ष डॉ. रोशन ताम्रकार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक मिश्रा ने किया।

## सेजस स्कूल के मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल,21 मार्च।** नगर पालिका क्षेत्र जामुल के सेजस स्कूल के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया । पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथी जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, विशेष अतिथी वार्ड पार्षद संजय देशलहरा थे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यालयीन जीवन हमें सिर्फ शिक्षा ही नहीं देती बल्कि जीवन से जुड़े सभी विषयों का अध्ययन कराती है। जिसमें खेलकुद, बौद्धिक चर्चा, अन्य कलाकृतियों जिसमें विद्यालयीन छात्राओं को श्रेष्ठ करने का प्रतियोगिता है । जिसमें बेहतर करने वाले छात्र पुरस्कृत होते हैं और जो सामान्य प्रदर्शन में रहते हैं उनको प्रेरणा मिलती है कि आगे हम भी बेहतर करेंगे ।

मैं सभी छात्र-छात्राओं को नगर के प्रथम नागरिक होने के नाते ही बल्कि एक अभिभावक के रूप में सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनायें देता हूं और आशा करता हूं कि आप लोक भविष्य में भी मुख्य रूप से शिक्षा खेल एवं अन्य बेहतर क्षेत्र में अपने उज्जवल भविष्य के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और हमारे सेजस स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद देता हू कि आप लोगों ने मुझे इस विद्यालयीन कार्यक्रम में आमंत्रित किया । सेजस स्कूल के प्राचार्या बीनु थामस ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव शिक्षा एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें हमारे स्कूल के 60 विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिता में सफल हुए है । माननीय नपा अध्यक्ष श्री ईश्वर सिंह ठाकुर जी के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण किया गया । यहां उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों सहित गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करती हूं । कार्यक्रम में तुलाराम टंडन, सुनिता देवांगन, शिक्षक शिक्षिका गण वंदना शर्मा, धनराज साहू, रीता दुबे, मोना राय, प्रीतम बंछोर, कविता पाण्डेय, सुशीला कौशल, निक्की दुबे, नमिता मिश्रा, भावना वर्मा, असिति टिर्की, नमिता दीवान सहित छात्र छात्राये उपस्थित थे

## वैशालीनगर कॉलेज वार्षिक समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित




**भिलाई, 21 मार्च।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विनोद चेलक उपस्थित रहे, अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अल्का मेश्राम ने की। शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्वलन एवं छत्तीसगढ़ महतारी के अभिनंदन के साथ हुआ। महाविद्यालय की परंपरा के अनुरूप अतिथियों का स्वागत नन्हे पौधों को सजीव स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट कर किया गया। प्राचार्या डॉ. अल्का मेश्राम ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत और प्राध्यापकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। छात्र संघ प्रभारी डॉ. कैलाश शर्मा ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन और नैतिकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह में खेल, समाज सेवा, एनएसएस, एनसीसी तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मेरिली रॉय की पुस्तक रेविसिटिंग टाइम तो फाइंड डैड तथा डॉ. शिखा श्रीवास्तव के शोध कार्य की सराहना करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया गया। डॉ. अमृतेश शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

### यूथ सिख सेवा समिति ने छात्र की शिक्षा के लिए एक साल की पीस जमा की

**भिलाई, 21 मार्च।** यूथ सिख सेवा समिति भिलाई को शिक्षा सहायता के अंतर्गत प्राप्त एक आवेदन के सत्यापन के दौरान टीम जब संबंधित परिवार के घर पहुँची, तो वहां की वास्तविक स्थिति बेहद संवेदनशील पाई गई। जांच में सामने आया कि बच्चे के पिता एक ऑटो चालक हैं, जिनके दोनों पैरों की उंगलियों में गंभीर समस्या है। इस कारण उन्हें रोजमर्रा के कार्यों में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते वे अपने बच्चे की लगभग 10 हजार रुपयों की स्कूल फीस जमा करने में असमर्थ थे। समिति ने मानवीय संवेदना को समझते हुए तत्काल पहल की। न केवल पिता का इलाज बीरा सिंह हॉस्पिटल में करवाया गया, बल्कि बच्चे के स्कूल प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर राहत दिलाने का प्रयास भी किया गया। इस सहयोग के तहत समिति द्वारा 7,100 की राशि का चेक प्रदान किया गया, जिससे बच्चे की शिक्षा में आ रही बाधा को दूर करने का सार्थक प्रयास किया गया।

## आईएमए सम्मेलन में अजय गुप्ता को मिला का राज्य स्तरीय पुरस्कार




**भिलाई, 21 मार्च।** हाल ही में रायपुर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज, रायपुर में किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश भर से लगभग 200 डॉक्टरों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान दुर्ग के स्टेशन चौक स्थित चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय गुप्ता को उनकी लिखी 16 ई-पुस्तकों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर उन्हें कई डॉक्टरों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा बधाई दी गई। कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. गुप्ता ने यौन रोगों पर व्याख्यान भी प्रस्तुत किया। साथ ही सम्मेलन में प्रकाशित स्मारिका में उनका स्वस्थ त्वचा के लिए सनस्क्रीन का उपयोग विषय पर लेख भी प्रकाशित हुआ। डॉ. अजय गुप्ता की सभी 16 ई-पुस्तकें उनकी वेबसाइट पर निशुल्क उपलब्ध हैं, जिन्हें अब तक 2.5 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं।

## एसएमएस-2 में नई चेतना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**भिलाई, 21 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 सभागार में हाल ही में सफाई कार्य में संलग्न महिला ठेका श्रमिकों के लिए नई चेतना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी के.डी. बघेल एवं आर.के. ठाकुर सहित कुल 15 महिला ठेका श्रमिकों ने भाग लिया। इस दौरान कंसल्टेंट सुश्री शुभश्री प्रशांत ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उप प्रबंधक सुश्री समायला अंसारी ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से जुड़े प्रावधानों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी देते हुए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार शर्मा ने न्यूनतम वेतन, बोनस, पीएफ, ईएसआईसी तथा श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी। संचालन एचआर अधिकारी सिकंदर इन्दोरिया ने किया।

## जोन-3 में चैत्र नवरात्रि पर सड़कों की विशेष सफाई शुरू



**भिलाई, 21 मार्च।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के जोन क्रमांक 3 क्षेत्र अंतर्गत जी रोड मुख्य मार्ग पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पदयात्रियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मुख्य मार्गों की नियमित सफाई के साथ-साथ कचरा उठाव, नालियों की सफाई और सड़क किनारे जमी गंदगी को हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। विशेष रूप से उन मार्गों पर ध्यान दिया जा रहा है, जहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए मंदिरों तक पहुंचते हैं। चैत नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि को देखते हुए सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है। इसके लिए सफाई कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती भी की गई है, ताकि मार्ग पूरी तरह स्वच्छ और व्यवस्थित बने रहें। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी ।

### टी.एन. नटराजन बने सेल के निदेशक (वाणिज्यिक)

**भिलाई, 21 मार्च।** टी.एन. नटराजन ने 19 मार्च को स्टील अथॉरिटी



ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वाणिज्यिक) का पदभार ग्रहण किया। उनके पास उत्पादन, लॉजिस्टिक्स और विक्रय क्षेत्र में 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है। वर्ष 1993 में मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में सेल से जुड़े नटराजन ने कंपनी में विभिन्न महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियां निभाईं। उन्होंने विपणन रणनीतियों को नई दिशा देते हुए कमोडिटी आधारित बिक्री से समाधान-उन्मुख मॉडल की ओर परिवर्तन में अहम भूमिका निभाई।

## खाद्य विभाग ने की गोल्डन भारत गैस एजेंसी पर कार्रवाई

**दुर्ग, 21 मार्च ।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, नवा रायपुर से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों तथा पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। इसी परिपेक्ष्य में पद्मनाभपुर स्थित गोल्डन भारत गैस की निरंतर शिकायतें प्राप्त होने पर खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा 20 मार्च को जांच की गई।

खाद्य नियंत्रक से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोल्डन गैस एजेंसी एक भागीदार फर्म है जिसके 02 भागीदार श्री मोहन लाल धुव्र एवं श्री अंशुमन मढरिया है। जांच में भौतिक सत्यापन में स्टॉक में अंतर पाये जाने के आधार पर घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किग्रा) खाली 838 नग एवं भरे 48 नग, व्यावसायिक सिलेंडर (19 किग्रा) खाली 63 नग तथा 5 किग्रा सिलेंडर 22 नग (खाली) भागीदार अंशुमन मढरिया से जप्त किया गया। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले में एलपीजी गैस तथा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### बीएसपी में हॉट एयर फैन पुनः चालू, डीकार्बोनाइजेशन को बल



**भिलाई, 21 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 में 12 वर्षों से बंद हॉट एयर फैन का 20 मार्च को पुनः संचालन किया गया। यह कार्य डीकार्बोनाइजेशन प्रोजेक्ट के तहत किया गया। फैन के चालू होने से वायु संचार में सुधार, अपशिष्ट ऊष्मा का बेहतर उपयोग तथा तापमान नियंत्रण में स्थिरता आएगी। इससे प्रति टन सिंटर में कोक की खपत घटेगी और कार्बन फुटप्रिंट में कमी आएगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### डिजिटल पहल से कार्यकुशलता व ग्राहक सेवा में सुधार

**भिलाई, 21 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मार्केटिंग एवं बिजनेस प्लानिंग विभाग में 18 मार्च 2026 को आयोजित कार्यक्रम में सी एंड आईटी विभाग द्वारा डिजिटल प्रणालियों के उन्नयन में दिए गए योगदान की सराहना की गई।

एक नजर

## मारपीट के आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल



**डोंगरगढ़ 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 18.03.2026 को रात्रि 20:00 से 20:40 बजें के मध्य नया बस स्टैण्ड राजनांदगांव के पास से गुजर रहा था, कि गोलिया नामक लड़का जो देवार बस्ती नया बस स्टैण्ड राजनांदगांव में रहता है, जिसके साथ एक लड़का था, इसे आवाज देने पर रूका तो इसे जोरदार झापड़ मारकर विवाद करने लगा, नशे में था, धक्का देकर इसके पॉकेट में हाथ डालकर पॉकेट में रखे नगदी 12200 रूपये को निकाल कर भाग जाना बताया। कि रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलॉफ अप0क्र0 162/26 धारा 304 (1), 3 (5) बीएनएस कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों तत्काल अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा0पु0से0) के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर (रा0पु0से0) तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अलेक्जेण्डर किरों (रा0पु0से0) के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक मिलन सिंह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पतासाजी कर आरोपी सुरेन्द्र बांसफोड़ उर्फ गोलिया पिता स्व0 बिरेन्द्र बांसफोड़ उम्र 24 वर्ष साकिन नया बस स्टैण्ड राजनांदगांव थाना सिटी कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) घेराबंदी पकड़ा गया, पूछताछ पर जुर्म स्वीकार कर 12200 रूपये में से 5000 रू0 को छोटा बच्चा को देना तथा बाकी पैसा स्वयं रखना उसमें से 6200 रू0 को ताश खेलते समय हार जाना 1000 रू0 बचा होना बताया। दूसरा आरोपी विधि से संघर्षरत बालक को उसके परिजन के समक्ष पूछताछ करने पर 5000 रू0 प्राप्त करना जिसमें से 230 रू0 खाने पीने में खर्च होना एवं 4770 रू0 बचा होना बताया, कुल 5770 रूपये प्रकरण में जप्त कर आरोपी सुरेन्द्र बांसफोड़ उर्फ गोलिया को विधिवत गिरफ्तार किया गया, एवं विधि से संघर्षरत बालक का प्रपत्र 01 नियम 8 (1), 8 (5) भा0ना0सु0सं0 प्रपत्र भरकर परिजन को सुपूर्द किया गया। गिरफ्तार आरोपी को आज दिनांक 20.03.2026 को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया। आरोपी सुरेन्द्र बांसफोड़ उर्फ गोलिया के खिलॉफ पूर्व में चोरी एवं मारपीट के मामले में चालानी कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मिलन सिंह, सउनि0 गणेश चौहान एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

## नवागांव विद्यालय से किंजल देवांगन नवोदय विद्यालय के लिए चयनित

**मेंढ़ा 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव से कक्षा 6 के लिए नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के लिए चयनित हुआ है। जिससे उसके घर व शाला परिवार में प्रसन्नता का माहौल बना है।इसकी सफलता के लिए शाला परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं।श्री गौकरण देवांगन की सुपुत्री किंजल देवांगन शुरू से ही मेघावी रही है।वह कलेक्टर बनने की सपना संजोए हुएआगे की पढ़ाई करना चाहती है। उसके नवोदय कोच श्री कनक राम साहू शिक्षक, मार्गदर्शिका श्रीमती मनु ठाकुर व प्रधान पाठक श्रीमती मंजरी गजभिए ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

**राजनांदगांव, 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री प्रेमप्रकाश शर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने योजना के प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता, घरेलू बिजली बचत एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आवेदन से लेकर वेंडर चयन, इंस्टॉलेशन एवं सब्सिडी वितरण तक प्रत्येक चरण में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के अंतर्गत लंबित सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने कहा। वेंडर्स को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शेष इंस्टॉलेशन कार्यों को तेज गति से पूर्ण करें। सोलर पैनल स्थापना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों एवं गुणवत्ता प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने कहा। बैंक अधिकारियों को सब्सिडी क्लेम प्रक्रिया के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने कहा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को आवेदन, इंस्टॉलेशन एवं सब्सिडी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देने कहा गया। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक कुल 8 हजार 831 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 4 हजार 145 में वेंडर चयन किया जा चुका है। 1 हजार 839 हितग्राहियों के यहां इंस्टॉलेशन पूर्ण हो चुका है तथा 1 हजार 136 प्रकरणों में सब्सिडी का वितरण किया गया है। अपर कलेक्टर ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) की बैठकों में पीएम सूर्याघर योजना को स्थायी एजेंडा के रूप में शामिल किया जाए, ताकि सब्सिडी दावों, ऋण प्रक्रियाओं एवं लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके। इस योजना को जिले में मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाना है, जिसके लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयास, नियमित निगरानी और सक्रिय सहयोग की आवश्यकता है।

# रानी अवंती बाई बलिदान दिवस प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 मार्च।** आज वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की बलिदान दिवस के अवसर पर चिखली ओव्हर ब्रिज के समीप स्थापित अवंती बाई की प्रतिमा में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने जनप्रतिनिधियो एवं समाजिक बंधुओ की उपस्थिति में माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

बलिदान दिवस के अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि हिन्दूस्तान मे मानव धर्म की एवं देश की रक्षा के लिए रानी अवंती बाई ने बलिदान दिया। केवल एक समाज विशेष ही नही बल्कि पूरे देश के सनातनी लोग अवंती बाई बलिदान दिवस को उत्सव पूर्वक मनाते है क्योकि उन्होंने मानव समाज को एक दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज महिलाए आगे आ कर काम कर रही है वो उनके द्वारा दी गयी प्रेरणा का ही परिणाम है। उनके कार्यो एवं प्रेरणा के कारण हम सब उनको नमन करते है। लोधी समाज उनके बलिदान दिवस को संकल्प के रूप में मनाते है। आज इस पावन अवसर पर हम सब उनको नमन करते है। उन्होंने कहा कि समाज की मांग पर ही यहा अवंती बाई जी की प्रतिमा स्थापित की गयी थी और आज उसका जीर्णोद्धार कर सौदर्यीकरण किया गया। समाज की मांग पर प्रतिमा के पास के चौक का नामकरण रानी अवंती बाई चौक किये जाने जल्द प्रक्रिया की जावेगी।

इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्राभरी सदस्यगण सर्वश्री सावन वर्मा, सुनिल साहू,राजेश जैन रानू,श्रीमती केवरा विजय राय, श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा,कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद मनोहर यादव, श्रीमती श्रुति लोकेश जैन, सतीश साहू, श्रीमती अमृता सिन्हा, चंद्रशेखर लश्करे, पार्षद प्रतिनिधि नदान सेन व पंकज कुरंजेकर, समाज के अध्यक्ष चेतन वर्मा, सचिव गणेश लाल, कोषाध्यक्ष निपेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष अमित जंघेल व अनुप वर्मा, सचिव प्रचार, सदस्य बसंत कुमार वर्मा, जीयन वर्मा, खिलेश्वर वर्मा,बृजेश वर्मा, मनीष वर्मा, खेमचंद वर्मा, एनके सुलाखे, कुवर सिंह वर्मा, अवंती बाई के रूप में चेष्टा जंघेल, देवकी वर्मा, गंगोत्री जंघेल, विशाखा वर्मा, रेखा वर्मा, कैशल्या वर्मा, सुनिता वर्मा आदि उपस्थित थे।

### पूज्य सिंधी पंचायत ने सिंधी कालोनी लालबाग में

# भगवान झूलेलाल की जयंती पर बाइक रैली,शोभायात्रा निकाली गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 मार्च।** पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा सिंधी कॉलोनी लालबाग में भगवान वरुण देव के अवतार माने जाने वाले भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती कार्यक्रम की भव्य शुरुआत समाज के लोगों द्वारा लालबाग स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में पूजा-अर्चना कर की गई ।

बता दें कि सिंधी समाज द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व पर नया वर्ष मनाते हुए धूमधाम के साथ चैटीचंड महोत्सव मनाया जाता है। इस दौरान समाज में चेटीचंड महोत्सव को लेकर खासा उल्लास बना रहता है। नवरात्रि प्रारंभ होने के ठीक दूसरे दिन लालबाग स्थित झूलेलाल मंदिर के आचार्य स्वामी द्वारा समाज के वरिष्ठ अर्जुन दास पंजवानी,आवत राम तेजवानी, घनश्याम दास गंगवानी, गुरुमुख दास वाधवा,पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी, विजय गंगवानी,वार्ड पार्षद व उद्यमी राजा माखीजा, अर्जुन वाधवानी की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई गई और घंटा निनाद के बीच आरती गान किया गया।



चेटी चंड महोत्सव व भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर लालबाग स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत,शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू मुदलियार आदि नेता गणों ने पधार कर सिंधी समाज के लोगों से मिलकर बधाईयां व शुभकामनाएं दी। इस दौरान भगवान झूलेलाल की जयकारे से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में झूलेलाल पंचायत के अध्यक्ष ब्रह्मानंद बजाज,रुपचंद भीमनानी, भोजराज बजाज,भीमन धनवानी , तरुण लहरवानी,पूर्व पार्षद अशोक पंजवानी,लोकचंद लहरवानी, राजकुमार परचानी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित समाज के नर नारियों द्वारा सिंधी समाज के उद्धारक भगवान झूलेलाल को तन्मय भाव से याद कर उनकी जय-जय मनाई गई।

### युवाओं की बाइक रैली ने नगर भ्रमण किया

लालबाग स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में पूजा अर्चना के बाद समाज के युवा शक्तियो द्वारा हेमु कालानी नगर से झूलेलाल नगर तक निकाली गई विशाल बाइक रैली का धूमधाम के साथ शहर भ्रमण हुआ।भगवान झूलेलाल की मनमोहक झांकी के साथ जयकारा लगाते हुए निकाली गई बाइक रैली में घनश्याम वाधवानी, असर जुमनानी ,गिरधारी तलरेजा,कौशल? शर्मा,,चंदन रुचंदानी,हरिश मोटलानी,दौलत रामचंदानी, अमर ललवानी, सलामत गणसानी पंकज जेठानी सहित बड़ी संख्या में समाज के नागरिक शामिल रहे।

### शोभायात्रा का नगर में कई जगह किया गया स्वागत

सिंधी समाज द्वारा चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार अपराह्न 4 बजे भगवान झूलेलाल की अखंड ज्योति के साथ भव्य शोभायात्रा भी निकाली जिसका धूमधाम के साथ शहर भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में शामिल सिंधी समाज के लोगों का स्वागत -सम्मान पुष्प वर्षा कश्यप किया गया वहीं शहर के लोगों द्वारा जगह -जगह स्टाल लगा कर मीठा पेय पदार्थ बांटी गई। भगवान झूलेलाल की आकर्षक झांकी के साथ शोभायात्रा का शहर भ्रमण उपरांत इसका समापन व अखंड ज्योति का विसर्जन बूढ़ा सागर स्थित झूलेलाल घाट में किया गया। इस दौरान वहां सुमधुर गीत - संगीत का कार्यक्रम आयोजित रहा जिसका समाज के लोगो ने भरपूर आनंद लिया। पूज्य सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष अर्जुन दास गंगवानी ने बताया कि कार्यक्रम में रात्रि भोज की भी व्यवस्था रही।

## महापौर परिषद में बजट सहित अन्य विषयों की स्वीकृति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 मार्च।** महापौर श्री मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में आय-व्यय अनुमान पत्रक 2026-2027 पर विचार विमर्श उपरांत स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को प्रेषित किया गया एवं वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्यय को पुनरीक्षण की अनुशंसा सहित सामान्य सभा को भेजा गया। साथ ही नगर निगम के अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया।

महापौर श्री यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये बजट के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुये अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु समान्य सभा को प्रेषित किया गया। उन्होंने बताया कि शासन के दिशा निर्देश व प्रावधान तथा पार्षदों एवं नागरिकों के सुझाव के आधार पर बजट तैयार किया गया है। जन भावनाओं के अनुरूप तैयार बजट को अतिशीघ्र समान्य सभा में पेश किया जायेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पत्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही आंगनबाडी कार्यकर्ता व पालना सहायिका की नियुक्ति की अनुशंसा सहित वित्तीय वर्ष 2026-27 में सम्पत्तिकर में नियमानुसार छुट एवं निर्धारण की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा अन्य विषयों पर स्वीकृति दी गयी।

बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सुनील साहू,राजेश जैन रानू,श्रीमती बिना ध्रुव,साावन वर्मा, शैंकी बग्गा,श्रीमती केवरा विजय राय,श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, आलोक श्रोती एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू सहित निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा,कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे,कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके,प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व सुश्री सुषमा साहू सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे,प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा,प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# 29 मार्च को मुख्यमंत्री अभिनंदन के लिए भिलाई कला मंदिर में जुटेंगे शासकीय कर्मचारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ 21 मार्च।** शासकीय कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग पूरी होने पर पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है। इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में माननीय मुख्यमंत्री जी को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन जी के द्वारा संघ के सस्थापक सदस्यों आजू राम सिन्हा, राकेश सिंह, विजय कोचंद्र, लिखेस वर्मा, पियूष गुप्ता ने 10 मार्च को मिलकर निमंत्रण दिया जिससे माननीय मुख्यमंत्री जी स्वीकार कर 29 मार्च को आने का अस्वासन दिए जिसमे भिलाई के कला मंदिर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेशभर के शासकीय कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया जाएगा। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू होने से कर्मचारियों और उनके परिवारों को अब उपचार के लिए आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।संगठन के सस्थापक साथियो और प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती उषा चंद्राकार ने सभी शासकीय कर्मचारियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल अभिनंदन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कर्मचारियों की एकता, संघर्ष और उनके अधिकारों की जीत का प्रतीक भी है।

प्रदेश उपाध्यक्ष श्री आजू राम सिन्हा ने आगे कहा कि अविभाजित राजनांदगांव जिला (केसीजी ,एमएमसी) सहित प्रदेश के सभी विभाग के समस्त कर्मचारियों/अधिकारी की सक्रिय भागीदारी से यह कार्यक्रम ऐतिहासिक बनेगा और भविष्य में कर्मचारियों की अन्य मांगों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने सभी से समय पर उपस्थित होकर अनुशासन बनाए रखने तथा कार्यक्रम की गरिमा को बनाए रखने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा की स्वीकृति से प्रदेश के लाखों शासकीय कर्मचारियों और उनके परिजनों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे अब उन्हें इलाज के दौरान आर्थिक दबाव से काफी हद तक राहत मिलेगी।

### प्रतिमाओं के परिसरों में उनके शहादत दिवस, जयंती, पुण्यतिथि पर साफ- सफाई व्यवस्था का महापौर ने दिया सख्त निर्देश

रायपुर 21 मार्च । रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय संस्कृति विभाग के सम्बंधित अधिकारियों को रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में स्थित सभी शहीदों, महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सभी प्रतिमाओं / मूर्तियों के परिसरों में उनके शहादत दिवसों, जयंतियों, पुण्यतिथियों पर सादर ससम्मान विशेष साफ – सफाई व्यवस्था, फूलमाला, पुष्पसज्जा, पुष्पांजलि, संधारण कार्य सहित समस्त आवश्यक प्रबंध प्रशासनिक तौर पर पूर्वनिश्चित करने के सम्बन्ध में सख्त निर्देश दिए हैं. साथ ही सभी सम्बंधितों को एक दिन पूर्व फोन से आयोजनों की सूचना देने के निर्देश दिए हैं. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने संस्कृति विभाग के अधिकारियो को यह समस्त व्यवस्थायें प्रशासनिक तौर पर सम्बंधित जोन के सहयोग से पूर्वनिश्चित करवाने केसम्बन्ध में कड़े निर्देश दिए हैं और इनका नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र में नगर निगम मुख्यालय संस्कृति विभाग के माध्यम से जोनों से कड़ाई से व्यवहारिक परिपालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

## जय बाई माता शक्ति पीठ मलपुरी में 56 ज्योत प्रज्वलित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 मार्च।** समीपस्थल ग्राम मलपुरी में जय बाई माता शक्ति पीठ चैत्र नवरात्रि पावन पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित 19 मार्च को शाम 7 बजे योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य मनीष साहू पूर्व पार्षद लखोली राजनांदगांव पीताम्बर कतलम सरपंच मुड़पार कोषाध्यक्ष कुंदन चंद्राकर संरक्षक सनद कुमार ठाकुर पवन साहू पुजारी त्रिभुवन दास वैष्णव पंडा रामाधीन ठाकुर नोखे लाल पटेल ने प्रज्वलित किया तेल वाले क्लश 44 तथा घी 12 आस्था रखने वाले राजनांदगांव दुर्ग बालोद जिले से भी श्रद्धालु जन मनोकामना ज्योति रखा है समिति मनोज यादव संजय चंद्राकर नेतराम साहू खोरबहरा द्वारिका साहू गिरधारी ठाकुर गोविंदा ठाकुर गजेन्द्र ठाकुर पीताम्बर साहू सहित ग्रामीण भक्त जन बड़ी जनसंख्या उपस्थित रहा।

## पुराने भवन में 24 मार्च से शुरू होंगी वार्षिक परीक्षाएं, दिशा-निर्देश जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 मार्च।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालयय डोंगरगढ़ में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा-2026 के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. भाग-दो के स्वाध्यायी (प्राइवेट) तथा भाग-तीन के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के साथ-साथ समस्त स्नातकोत्तर कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं दिनांक 24 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगी। परीक्षाएं महाविद्यालय के पुराने भवन में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से कम से कम आधा घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। महाविद्यालय प्रशासन ने नियमित विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य किया है। इसके साथ ही परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को पूर्णतः प्रतिबंधित घोषित किया गया है।

प्रवेश पत्र को लेकर भी कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। सभी परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। बिना प्रवेश पत्र के किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने सभी विद्यार्थियों से नियमों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने एवं अनुशासन बनाए रखने की अपील की है।

### पदयात्रियों की सेवा के लिए कार्यकारिणी गठित

# पदयात्रियों की सेवा के लिए पंडाल का उद्घाटन आज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 मार्च।**नारी मातृ शक्ति पर्व नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है। माता की अराधना हेतु हजारो की संख्या में पदयात्री पैदल चलकर मां बम्लेश्वरी का दर्शन करते है। पदयात्रियों की चौबीस घंटे सेवा हेतु माँ बम्लेश्वरी संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल बागेश्वर धाम मंदिर मे किये जाने का आरंभ आज संध्या 5.30 बजे नौ समाजो को महिला मंडल अध्यक्षो व कन्याओं द्वारा पूजन कर उदघाटन किया जावेगा। अतः जानकारी देते हुए सेवादार पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता,योगेश साहू,विजय गुप्ता,गोल्डी गुप्ता द्वारा बताया गया कि सेवा कार्यो के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें सेवा अध्यक्ष पुरुष वर्ग मे भावेश अग्रवाल, सचिव महेश शर्मा तथा महिला वर्ग में सेवा अध्यक्ष श्रीमती मधु खंडेलवाल, सचिव श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता,कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता को बनाया गया है, सेवा कार्यकारिणी इस प्रकार हैः-

संरक्षकः- ,शारदा तिवारी,डी.सी.जैन सोहन लाल गुप्ता, कैलाशचंद गुप्ता, रामावतार जोशी, संयोजकः- पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, सौरभ खंडेलवाल, योगेश साहू,निकुंज सिंघल,संदेश जैन,सुषमा सिंह,माया अग्रवाल,मोना गोसाई,मौसमी शर्मा, सविता बोस, लक्ष्मी गुप्ता, वंदना गुप्ता उपाध्यक्षः- हरीश गांधी, संगीता शुक्ला, शिव वर्मा,विजय गुप्ता, दीपा खंडेलवाल, दुर्गा गुप्ता, टीना खंडेलवाल , कैलाश गुप्ता सहसचिवः- सौरभ गुप्ता, स्वीटी मनीष शर्मा, दिनेश अग्रवाल, पुष्पा यादव, प्रशांत, अग्रवाल, प्रीति गुप्ता रंजना गुप्ता , कांति मौर्य स्वागत अध्यक्षः- प्रतिभा खंडेलवाल, चंचल गुप्ता, राधा ठक्कर ,चांदनी वढेरा,प्रेमा सोनकर संगठन मंत्रीः- ममता शर्मा, राहुल अग्रवाल,मंयक शर्मा, राज गुप्ता, आरती गुप्ता, मीडिया प्रभारीः- अनिल त्रिपाठी, ईश्वर साहूपदयात्री सेवा प्रभारीः- महेन्द्र जंघेल, गोविंद जोशी, जमुना साहू, हरिश भानुशाली, नवीन अग्रहरि,अनीता फ्रांसिस,विकास गुप्ता, अरविन्द गुप्ता,सांस्कृतिक प्रभारीः- अमलेन्दु हाजरा,नारायण कन्नौजे, संदीप सोनी, रितेश यादव, पूर्णिमा साहू पूजा प्रभारीः- यशोदा गुप्ता, जनक बाई गुप्ता, अक्षय राव, मीरा पांडे, अर्चना अग्रवाल, कार्यकारिणीः-शरद गुप्ता,अंशुल कसार , सुखमन पुरोहित, महेन्द्र सुराना, हेमंत तिवारी,मनोज चौधरी, राजीव श्रीवास्तव,मधु अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, कविता बुद्धदेव, रजनी अग्रवाल, प्रिया भोजवानी, शीला जोशी, पूनम भोजवानी, धनश्री गणात्रा, रितु तराने, आदि को बनाया गया है। संस्कारधानी के सेवा संस्कार अनुरूप माता के पदयात्री सेवा आरधना मे जुडक़र पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह मां बम्लेश्वरी देवी संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल के समस्त सेवाधारियों पदाधिकारियों के समस्त नगरवासियों से की है।

### धर्म स्वातंर्त्य विधेयक संशोधन स्वागत योग्य, प्रदेश की विष्णुदेव सरकार का आभार - भाजपा

**रायपुर 21 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा विधानसभा में धर्म स्वातंर्त्य विधेयक संशोधन जिसे विधानसभा में ध्वनिमत से पारित किया गया जिस हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि धर्म स्वातंर्त्य विधेयक में किए गए संशोधन प्रदेश के हर उस वर्ग को राहत प्रदान करेगा जो धर्मांतरण के दंश से लगातार जूझ रहे थे जहां प्रलोभन, दबाव से एवं भ्रमित करके धर्मांतरण कराने वाले लोगों द्वारा भोलेभाले छत्तीसगढ़ियों को धर्मांतरित किया जाता रहा है। अब इस विधेयक संशोधन से धर्मांतरण के धंधे में प्रभावी रूप से लगाम लगाई जा सकेगी।

## गड़बड़ी रोकने बहुस्तरीय जांच की व्यवस्था बहुत जरूरी है...

जिला प्रशासन मजबूत घोड़े की तरह होता है।उसे काबू में रखने के लिए लगाम कस के पकड़नी पड़ती है। उसे एहसास दिलाते रहना पड़ता है कि तुम होगे मजबूत लेकिन तुम्हारी लगाम मेरे हाथ मे हैं और तुमको वही करना है जो तुमसे कहा जाएगा।उसे बताना पड़ता है कि पूरे राज्य में कुछ भी गलत होता है तो उसे रोकना तुम्हारी जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन का प्रमुख कलेक्टर होता है इसलिए गाहे ब गाहे कलेक्टर को भी बताते रहना पड़ता है कि तुम्हारे जिले मे कुछ भी गलत होता है तो उसके लिए तुम जिम्मेदार होगे। कुछ भी गलत कहीं पर हुआ है तो उसके लिए तुम दोषी हो।जिले मे कहीं भी कुछ भी गलत होगा तो तुमको बताना होगा कि यह गलत काम कैसे हुआ। इसकी खबर तुमको कैसे नहीं लगी। विपक्ष का काम तो हर गलत काम के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराना होता है। राज्य में दुर्ग के बाद बलरामपुर में अफीम खेती का खुलासा होने पर विपक्ष ने तो ऐसी हायतौबा मचाई कि जैसे अफीम की खेती सरकार करा रही है।एक जगह अफीम की खेती खबर लगी तो विपक्ष लगाने लगा आरोप की कि सरकार धान के कटोरे को अफीम का कटोरा बना रही है।यह सच है कि सरकार तो राज्य में भाजपा की है। उससे सवाल तो पूछा जाएगा कि यह गलत काम हुआ तो कैसे हुआ।सरकार से पूछने पर सरकार मामले की जांच कराती हो तो पता चलता है कि अफीम की खेती के मामले में चूक कहां पर हुई कि किसी को पता नहीं चला किसी खेत में अफीम की खेती की जा रही थी। जांच में पता चला कि पटवारी,सर्वेयर व कृषि विस्तार अधिकारी की लापरवाही से दुर्ग जिले में खेती की अफीम की खेती का पता समय पर नहीं चला क्योंकि उन लोगों ने मौके पर गए बिना ही यह पूव कर दिया था कि वहां मक्के की फसल ली गई है।इस मामले में पहली कार्रवाई कृषि विस्तार अधिकारी को निलंबित करके की गई गई है। इसके बाद बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का पता चलने पर वर्षों से एक ही स्थान पर जमे ५८ पटवारियों का तबादला किया गया।इन पटवारियों में अफीम की खेती वाले कुसमी पटवारी भी शामिल हैं।एक दो नहीं कई जगह अफीम की खेती होने का पता चलना पर सरकार पर आरोप लगने तो सरकार को भी इस मामले को गंभीरता से लेना पड़ा। वैसे तो अधिकारियों को एक जगह अफीम की खेती पता चलने पर खुद ही अपने स्तर पर यह पता लगाने का प्रयास करना चाहिए था लेकिन राज्य में कलेक्टरों ने ऐसा नहीं किया। दुर्ग व बलरामपुर जिले में अफीम की खेती उजागर होने पर सरकार अलर्ट हुई,सीएम साय ने कड़ा रुख अपनाय तो राजस्व विभाग ने प्रदेश भर के फार्म हाउसों व खेतों की ड्रोन से जांच शुरू की।सभी जिलों में खेतों में ली जाने वाली फसलों की जानकारी जुटाई जा रही है।सीएम साय ने यह काम भी अच्छा किया कि प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों से अफीम की खेती की रिपोर्ट मांगी है।उन्होंने कलेक्टरों से कहा है कि वह अपने जिले में अफीम की खेती का पता लगाने के लिए सर्वे कराएं साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि किसी जिले में अफीम की खेती न हो। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टरों को भी इस काम के लिए १५ दिन का समय दिया है।यानी सीएम ने कलेक्टरों को यह काम करने को कहा है तब जाकर वह यह काम कर रहे हैं। कलेक्टरों को भी कभी कभी जब बताया जाता है तब जाकर वह समझते हैं कि यह उनका काम है।उनको यह काम १५ दिन मे करना है तब जाकर वह उस काम को करते हैं। सीएम के कहने के बाद ही कलेक्टरों को यह बात समझ में आई कि अफीम की खेती नहीं होने देना है अगर कहीं होती है तो इसके लिए उनको भी जवाब देना पड़ेगा तब जाकर कलेक्टर अब ऐसा प्रयास कर रहे हैं कि उनके जिले में कम से कम अफीम की खेती न हो। इसके लिए उन्होंने अब पंचायतों में सरपंचो को टाइट कर दिया है कि अब यह तुम्हारी जिम्मेदारी है कि अपने क्षेत्र में अफीम की खेती न होने दो। कलेक्टर ने सरपंचों से कहा है कि तुमको अपने क्षेत्र की जांच पर प्रमाणपत्र देना है कि उनके क्षेत्र में अफीम की खेती नहीं हो रहीहै। पंचायत प्रतिनिधियों के साथ वनविभाग की बीट गार्ड, पटवारी अपनेअपने क्षेत्र में जांच कर पुष्टि कर रहे हैं।इनको जनपद सीईओ को रिपोर्ट सौंपनी है। अब सरकार को समझ आ रहा है कि अफीम की खेती को रोकना है तो बहुस्तरीय जांच की व्यवस्था करनी होगी और ऐसी व्यवस्था की गई है।हर क्षेत्र मे गड़बड़ी को रोकना है तो बहुस्तरीय जांच व्यवस्था होनी चाहिए तब ही जाकर कई तरह की लापरवाही व भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।


विश्लेषण

# रसोई गैस संकट : इस तरह क्यों थूकिये कि मुंह पर वापस आये ?

निर्मल रानी



अमेरिका,इस्राईल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बीच पूरा विश्व कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। युद्ध छिड़ते ही भारत में भी इसका प्रभाव साफ़ नज़र आने लगा। अमेरिका,इस्राईल व ईरान युद्ध के कारण ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ में शिपिंग रुक गई है ।ग़ौरतलब है कि भारत मध्य पूर्व से अपनी 60 से लेकर 90% तक एल पी जी गैस व कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से करता है। स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ जल मार्ग बाधित होने के कारण ही सरकार ने घरेलू गैस उपयोगको प्राथमिकता देते हुये कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद कर दी है। साथ ही घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रुपये जबकि कमर्शियल में 115 रूपये तक की बढ़ोतरी की भी की गयी है। इस दौरान रसोई गैस के लिये जगह जगह लोगों की क़तारें देखने को मिलीं। कहीं कहीं से तो ब्लैक मार्केटिंग की ख़बरें भी सुनाई दीं। लोगों में गैस की क़िल्लत की शंका से दहशत फैल गयी। इससे विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्र सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ क्योंकि लगभग 90% होटल-रेस्तरां कमर्शियल एल पी जी सिलेंडर पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने इसे एक ऐसा संकट बताया जो 5.7 ट्रिलियन रुपये टर्नओवर और 80 लाख नौकरियों वाले वर्ग को ख़तरे में डाल रहा है। देश के अनेक होटल्स व रेस्तरां में मेन्यू में कटौती करते हुये रोटी, डोसा, पूरी, ाई सामग्री, चाय-कॉफ़ी , हॉट ड्रिंक्स आदि हटा दिए गए। इसके बजाये केवल राइस-दाल, सैंडविच या कोल्ड ड्रिंक्स आदि ही परोसे जा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप बेंगलुरु व चेन्नई सहित तमिलनाडु में हज़ारों छोटे रेस्त्रां पूरी तरह या कहीं कहीं आंशिक रूप से बंद हो गये । बेंगलुरु होटल एसोसिएशन के अनुसार इस संकट से औसतन 25-30प्रतिशत का राजस्व घाटा हुआ है। सबसे ज़्यादा मार भोपाल में पड़ी जहाँ 40प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुये। कई लोगों ने तो अपनी दुकानें भी बंद कर दीं। कुछ होटल व रेस्त्रां इंडक्शन या इलेक्ट्रिक ओवन का प्रयोग करने लगे हैं। अचानक इंडक्शन की बढ़ती मांग के चलते कई जगहों से तो इंडक्शन व स्टोव के भी आउट ऑफ़ स्टॉक होने की ख़बरें आई हैं। इस संकट का सामना करने के लिये सरकार द्वारा रिफ़ाइनरी उत्पादन 25प्रतिशत तक बढ़ने का समाचार है। जबकि कुछ राज्यों में केरोसिन व कोयला आपूर्ति करने की अस्थायी अनुमति भी दी गयी है । यदि आगे भी यही स्थिति बानी रही तो रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बंदी और बेरोज़गारी का ख़तरा है। संकट की इस घड़ी में देश के अनेक नेता संसद से सड़कों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2018 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में दिये गये उस 'दिव्य ज्ञान ' को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने एक ऐसे चायवाले की कहानी सुनाई थी जो नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाता था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बायो ईंधन की संभावनाओं पर बात करते हुए एक चाय वाले की कहानी का ज़िक्र किया था जो गंदे नाले से निकलने वाली गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। उन्होंने बताया था कि -' एक छोटे शहर में नाले के पास चाय का ठेला लगाने वाला कोई व्यक्ति था। उस नाले से दुर्गंध और गैस निकलती थी, तो उसने सोचा कि इस गैस का इस्तेमाल क्यों न करें। उसने एक बर्तन को उल्टा करके उसमें छेद किया, पाइप डाला, और नाले की गैस को पाइप के ज़रिए अपने चूल्हे तक पहुंचाया। फिर उसी गैस से चाय बनाने लगा। मोदी जी ने इसे "सिंपल सी टेक्नोलॉजी" कहा और बायो ईंधन की क्षमता का उदाहरण दिया। बस मोदी के इसी बयान को देश के विपक्षी नेताओं व युवाओं द्वारा न केवल याद किया जा रहा है बल्कि देश में सैकड़ों जगहों से इसी फ़ार्मुले से चाय बनाने की नाकाम कोशिश करते हुये अनेक लोगों की वीडिओ भी वायरल हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तो सुल्तानपुर में बाक़ायदा नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास भी किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला। उन्होंने कहा, "मोदी जी कहते हैं नाली की गैस से चाय बनाओ, लेकिन यह संकट मोदी सरकार ही लाई है।" कुछ लोगों ने व्यंग्य किया कि प्रधानमंत्री के 'ज्ञान ' से प्रभावित व प्रेरित तमाम "लोग नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया मीम्स और रील्स में "अनपढ़ राजा" कहकर मोदी का मज़ाक़ उड़ाया गया, जहां नाली की गैस से चाय बनने का असफल प्रयास प्रदर्शित किया गया। मोदी के इसी 'दिव्य ज्ञान ' के पुराने वीडियो शेयर व रीशेयर करते हुये उन पर व्यंग्य कसे गए। विपक्ष ने तो इस संकट को सरकार की असफल विदेश नीति और तैयारी की नाकामी बताया है। तृणमूल कांग्रेस सांसद व पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आज़ाद ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "नाले की गैस से चाय बनाने" वाले पुराने बयान का व्यंग्यात्मक उल्लेख करते हुए सरकार पर तीखा तंज़ किया और गैस संकट पर सवाल उठाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अगर प्रधानमंत्री की इस "गटर गैस" वाली सोच को गंभीरता से लेकर उस पर शोध किया होता, तो आज देश में एलपीजी की ऐसी कमी और सिलेंडर के दामों में यह भारी बढ़ोतरी नहीं देखनी पड़ती। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि सरकार दावा करती है कि कोई बड़ा संकट नहीं है, तो फिर एलपीजी सिलेंडर के दाम क्यों बढ़ाए गए हैं और ग़रीब व मध्यम वर्ग पर इतना बोझ क्यों डाला जा रहा है। कई जगह तो पुलिस वालों को उन युवकों को रोकते हुये भी देखा गया जो नाले से गैस निकालने का प्रदर्शन करते हुये प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गये इस ' दिव्य ज्ञान ' की खिल्ली उड़ा रहे थे। सवाल यह है कि कोई साधारण व्यक्ति यदि इस तरह की बातें करे तो उसकी इतनी चर्चा भी न हो परन्तु जब देश के सर्वोच्च पद पर बैठा व्यक्ति इस तरह का 'ज्ञान' बांटने लगे तो उसका मज़ाक़ उड़ाया जाना स्वभाविक है। इसके अलावा भी मोदी इसतरह की अनेक बातें कर चुके हैं जोकि तथ्यात्मक व वैज्ञानिक रूप से ग़लत साबित हुई हैं। बादल में रडार का काम न करने का उनका दावा भी ऐसा ही एक 'दिव्यज्ञान ' था जिसका पूरी दुनिया ने ख़ासकर वैज्ञानिकों ने काफ़ी मज़ाक़ उड़ाया था। ऐसे ग़ैरतार्किक व अवैज्ञानिक तर्क देने से पहले किसी भी ज़िम्मेदार व्यक्ति को यह ज़रूर सोचना चाहिये कि 'इस तरह क्यों थूकिये कि मुंह पर वापस आये ' ?




## आज का राशिफल

**मेष राशिः** मेष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आज नई योजनाएं बनाने के लिए समय अनुकूल है। आपको अपनी मेहनत और प्रयास के सार्थक परिणाम मिलेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को विशेष उपलब्धि मिलने की उम्मीद है। वित्तीय स्थिति में भी सुधार आएगा। मां ब्रह्मचारिणी को मीठे का भोग लगायें, सेहत अच्छी रहेगी।

**वृष राशिः** वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यवसाय के वर्तमान गतिविधियों में सुधार आएगा। आज नया अनुबंध मिलने की भी संभावना है। निवेश करने की सोच रहे हैं तो तुरंत अमल करें। परिवार वालों के साथ किसी धार्मिक कार्य में शामिल हो सकते हैं, जिससे आपको अच्छा फील होगा। मां दुर्गा को इलायची अर्पित करें, जीवन में खुशियों की प्राप्ति होगी।

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि वालों आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। आपको ईमानदार लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की जरूरत है। आज कार्य क्षेत्र में अपना तथा कर्मचारियों के बीच तालमेल बनाकर रखेंगे। व्यवसाय से संबंधित कार्यों के लिए समय अनुकूल है। सरकारी नौकरी करने वाले लोगों के लिए जल्दी ही प्रमोशन के योग बन रहे हैं। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है। मां दुर्गा की आरती करें, सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

**कर्क राशिः** कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। अगर आप लेखक है तो आज के दिन आप किसी नई रचना की शुरुआत करेंगे। आज अपनी ऊर्जा को एकत्रित करके दोबारा से नई नीतियां बनाने की जरूरत है। अपनी योजनाओं को कार्य रूप देने के लिए भी उचित दिन है। पैतृक संपत्ति संबंधी मामला हल करने में किसी वरिष्ठ सदस्य का मार्गदर्शन मिलेगा। मां ब्रह्मचारिणी को लाल चुनरी चढायें, जीवन में चल रही परेशानियां खत्म होगी।

**सिंह राशिः** सिंह राशि वालों आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आज सभी काम सुचारु रूप से चलते जाएंगे। परंतु सहयोगियों को उनके काम में ज्यादा टोका-टाकी करना और अनुशासन बनाए रखना उनकी कार्य क्षमता को प्रभावित कर सकता है। आज ऑफिस के कार्यभार से कुछ राहत मिलेगी। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। मां ब्रह्मचारिणी का नाम ले कर नए कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलेगी।

**कन्या राशिः** कन्या राशि वालों आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। आज व्यक्तिगत व्यस्तताओं की वजह से कार्यक्षेत्र पर आपकी उपस्थिति बहुत ही कम रहेगी, परंतु सभी कार्य सुचारु रूप से बनते जाएंगे। आज नौकरी कर रहे लोगों को प्रमोशन संबंधी खुशखबरी मिल सकती है। स्टूडेंट्स का आज पढ़ाई में मन लगेगा। मां ब्रह्मचारिणी का ध्यान करें, रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा।

**तुला राशिः** तुला राशि वालों आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज घर में त्योहार संबंधी गतिविधियों की योजनाएं बनेंगी। अगर किसी महत्वपूर्ण कार्य पर पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो तुरंत निर्णय ले। घर में भी साज सज्जा संबंधी किसी बदलाव पर योजना बन सकती है। धार्मिक कार्य भी संपन्न होगा। बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मां ब्रह्मचारिणी के सामने कपूर जलाए, परिवार के लोग आपकी बातों से सहमत रहेंगे।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आय की स्थिति मध्यम रहने की वजह से बजट का ध्यान जरूर रखेंगे। अनावश्यक खर्चो पर रोक लगाएं। भाइयों के साथ रिश्ते मधुर बनाकर रखने के लिए आपको प्रयास करना होगा। आज किसी दोस्त के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बनायेंगे। आज आपको तली-भुनी चीजें खाने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**धनु राशिः** धनु राशि वालों आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आज कार्य प्रणाली को बेहतर बनाने का अनुकूल समय है। साथ ही परिजनों का सहयोग आपके निर्णय लेने में मदद कर सकता है। सराहनीय कार्य की वजह से आपको विशेष सम्मान भी मिल सकता है। इस राशि के युवा अपने भविष्य को लेकर सजग रहेंगे। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज खत्म हो जायेंगी। मां दुर्गा के सामने घी का दीपक जलाएं, कारोबार में बरकत होगी।

**मकर राशिः** मकर राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी मेहनत और योग्यता के अनुकूल परिणाम सामने आने वाले हैं। पिछले समय से चल रही किसी समस्या का निवारण होने से आप खुद को रिलेक्स महसूस करेंगे। इस समय कई प्रकार की लाभदायक और सुकून भरी परिस्थितियां बन रही हैं। ऑफिस के किसी सहकर्मी के साथ आपकी दोस्ती होगी, जो लम्बे समय तक चलेगी। लवमेट के लिए आज का दिन खुशियों भरा रहने वाला है। मां दुर्गा के सामने माथा टेके, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**कुम्भ राशिः** कुम्भ राशि वालों आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज परिवार संबंधी किसी समस्या का समाधान मिलने से सुकून और शांति का वातावरण बनेगा। सुख समृद्धि में बढ़ोतरी होने के आसार नजर आ रहे हैं। परिवार के साथ किसी धार्मिक गतिविधि में भी शांति पूर्ण समय बीतेगा। बच्चों को घर के किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। मां ब्रह्मचारिणी के आगे हाथ जोड़े, बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा।

**मीन राशिः** मीन राशि वालों आज अकारण शुरू हुई समस्याएं माता की कृपा से पूरी तरह समाप्त हो जायेंगी। आज सूझबूझ और विवेक से काम करने से हर बाजी आपके पक्ष में ही रहेगी। परिवारजनों तथा मित्रों के साथ भी बेहतरीन समय बिताने का मौका मिलेगा। व्यायाम करने से, स्वास्थ्य संबंधित परेशानी खत्म होंगी। मां दुर्गा को नारियल चढ़ाएं, उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा।

विश्व जल दिवस

# नीला सोना : संकट, समाधान और संकल्प

सुनील कुमार महला



प्रतिवर्ष 22 मार्च को 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में, यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित एक वैश्विक पहल है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1993 से हुई थी। दरअसल, इस दिवस का विचार वर्ष 1992 में रियो-डी-जनेरियो में आयोजित पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान सामने आया था। कहना ग़लत नहीं होगा कि जल पंचमहाभूतों-जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी और आकाश में से एक अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व है, जिसके बिना जीवन की कल्पना असंभव है।शायद इसी कारण से यह कहा गया है-'जल ही जीवन है।' यहां पाठकों को बताता चलूं कि सतत विकास(सस्टेनेबल डेवलपमेंट) के 17 लक्ष्यों (एसडीजी) में भी सभी के लिए स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता की उपलब्धता को वर्ष 2030 तक सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**भारतीय संस्कृति और परंपराएं, प्राचीन सभ्यताओं का विकास तथा धरती पर जल की उपलब्धताः**-भारतीय परंपरा और वेद-शास्त्रों में जल की महत्ता को विशेष रूप से स्वीकार किया गया है। सृष्टि निर्माण में अग्नि के पश्चात जल तत्व का स्थान बताया गया है। रहीम जी का प्रसिद्ध दोहा-'रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून"' , जल के महत्व को सरल शब्दों में स्पष्ट करता है। संस्कृत में भी कहा गया है-'जलस्य रक्षणम् अनिवार्यम्, विना जलं सर्वं नश्येत्।' इतिहास साक्षी है कि प्राचीन सभ्यताएँ-सिंधु, नील, दजला और फरात आदि नदियों के किनारे ही विकसित हुईं, जो जल के महत्व को रेखांकित करती हैं। पाठक जानते हैं कि हमारी पृथ्वी(नीले ग्रह) का लगभग 70% भाग जल से आच्छादित है, किंतु इसमें से मात्र 3% ही मीठा जल है, और उसका भी अधिकांश भाग जमे हुए या दुर्गम रूप में उपलब्ध है। यही कारण है कि जल संरक्षण आज अत्यंत आवश्यक हो गया है। विश्व जल दिवस का उद्देश्य स्वच्छ जल और स्वच्छता तक पहुंच सुनिश्चित करना, जल के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इस सीमित संसाधन का संरक्षण करना है। यह दिन जल से जुड़े वैश्विक संकटों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए समर्पित है।

**वर्ष 2026 की थीम 'जल और लैंगिक समानता'** :-वर्ष 2024 में 31वाँ विश्व जल दिवस 'शांति के लिए जल' थीम के साथ मनाया गया, जबकि 2025 का विषय 'ग्लेशियर संरक्षण' रखा गया था। उल्लेखनीय है कि ग्लेशियर पेयजल, कृषि, ऊर्जा और पारिस्थितिकी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस साल यानी कि वर्ष 2026 की थीम 'जल और लैंगिक समानता' रखी गई है, जिसका नारा है- 'जहाँ जल बहता है, वहीं समानता बढ़ती है।' वास्तव में, यह थीम इस तथ्य को उजागर करती है कि जल संकट का सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं और लड़कियों पर पड़ता है, क्योंकि विश्व में जल लाने की 80% जिम्मेदारी उन्हीं पर होती है। जिन क्षेत्रों में स्वच्छ जल उपलब्ध होता है, वहाँ लड़कियों की शिक्षा दर में लगभग 15% वृद्धि देखी गई है।

**आज विश्व की लगभग 2.2 अरब आबादी सुरक्षित पेयजल से वंचितः**-'वर्चुअल वॉटर' की अवधारणा जल उपयोग की गंभीरता को दर्शाती है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार एक कप कॉफी के उत्पादन में लगभग 140 लीटर पानी खर्च होता है। वहीं पर, एक स्मार्टफोन के निर्माण में लगभग 12,000 लीटर और एक किलो पनीर बनाने में लगभग 5,000 लीटर पानी लगता है। नवीनतम आंकड़ों (2026) के अनुसार, विश्व की लगभग 2.2 अरब आबादी सुरक्षित पेयजल से वंचित है और 3.5 अरब लोग बुनियादी स्वच्छता से दूर हैं। वैश्विक मीठे जल का 70% उपयोग कृषि में होता है, जबकि असुरक्षित जल के कारण हर वर्ष लगभग 14 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है।




**भारत में जल महोत्सव-8 से 22 मार्च तक** :- भारत में 'जल जीवन मिशन' के तहत 8 से 22 मार्च तक 'जल महोत्सव' मनाया जा रहा है, जिसकी टैगलाइन है- 'गाँव का उत्सव, देश का महोत्सव।' साथ ही 'ब्लू पीस', 'स्पंज सिटी', डिजिटल वाटर प्रबंधन और स्मार्ट सेंसर जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में नए प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे सिंचाई में 40% तक जल बचत का लक्ष्य रखा गया है। राजस्थान के पारंपरिक जल संरचनाएँ जैसे कि टांका और खड़ीन भी जल संरक्षण के प्रभावी मॉडल के रूप में पुनर्जीवित की जा रही हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि वर्तमान समय में तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण, अस्थिर कृषि पद्धतियाँ, जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा और अत्यधिक जल दोहन जैसे कारकों ने जल संकट को गंभीर बना दिया है। आज जित देखो तित भूजल स्तर लगातार गिर रहा है और प्रदूषण के कारण जल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। झरने, बावड़ियाँ, जोहड़ और टांका जैसे पारंपरिक जल स्रोत उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं, जिनके संरक्षण की तत्काल आवश्यकता है। भारत विश्व की 18% आबादी का पोषण करता है, जबकि उसके पास मात्र 4% जल संसाधन हैं। पिछले 40 वर्षों में वैश्विक जल उपयोग लगभग 1% प्रतिवर्ष की दर से बढ़ा है। अनुमान है कि 2050 तक जल संकट से प्रभावित शहरी आबादी 1.7 से 2.4 अरब तक पहुँच सकती है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहेगा। पाठकों को बताता चलूं कि केंद्रीय भूजल रिपोर्ट (2024) के अनुसार, देश के 440 जिलों में भूजल में नाइट्रेट की मात्रा अधिक पाई गई है, जो 2017 में 359 जिलों में थी। 15,239 नमूनों में से 19.8% में नाइट्रेट सुरक्षित सीमा (45 मिलीग्राम/लीटर) से अधिक पाया गया है। राजस्थान (49%), कर्नाटक (48%) और तमिलनाडु (37%) में यह समस्या अधिक गंभीर है। देश में भूजल निष्कर्षण की दर 60.4% तक पहुँच चुकी है, जो चिंताजनक है। अतः इन परिस्थितियों में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। छोटे-छोटे प्रयास-जैसे नल बंद रखना, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का संरक्षण-हजारों-लाखों लीटर पानी बचा सकते हैं। आज जल का अंधाधुंध व असीमित दोहन किया जा रहा है,इस क्रम में यहां महात्मा गांधी का कथन भी प्रासंगिक है- 'प्रकृति सबकी आवश्यकताएँ पूरी कर सकती है, लेकिन किसी एक के लालच को नहीं।' अंततः, यह स्पष्ट है कि जल के बिना न तो जीवन संभव है, न ही सतत विकास। यदि समय रहते हम जल संरक्षण के प्रति सजग नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए संकट और गहरा होगा। भारतीय संस्कृति में नदियों को माँ का दर्जा दिया गया है-गंगा, यमुना, नर्मदा, कावेरी-जो जल के प्रति हमारी श्रद्धा को दर्शाता है। इसलिए यह बहुत ही आवश्यक व जरूरी है कि हम जल को संरक्षित करें,इसे प्रदूषण से बचाएँ और इसके महत्व को समझें, क्योंकि सच यही है-'जल है तो कल है।'

## सू- दोकू क्र.349

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.348का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य - 349

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक348 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## एक नजर

### किशोर महावर भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक बने



**जगदलपुर 21 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष माननीय किरण सिंह देव की सहमति से एवं जिला अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश पांडे जी की अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ जिला बस्तर की घोषणा हुई जिसमें किशोर महावर (लाला)को व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिले का सहसंयोजक बनाया गया।

### वन्य प्राणी तेंदुए की खाल के साथ 7 आरोपित गिरफ्तार

**कोंड़ागांव, 21 मार्च।** जिले के वन परिक्षेत्र बड़ेडोंगर के उप परिक्षेत्र भण्डारवंडी अंतर्गत ग्राम बैलगांव के पास से वन विभाग की टीम ने आज शुक्रवार को घेराबंदी कर वन्य प्राणी तेंदुए की खाल की तस्करी करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। केशकाल वनमण्डलाधिकारी दिव्या गौतम के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता और वन विभाग की संयुक्त टीम ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। केशकाल वनमण्डलाधिकारी दिव्या गौतम ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में संहगो नेताम (ग्राम बनचपई), शंकर नेताम (ग्राम बनचपई), जंगा कर्मा ( दंतेवाड़ा), प्रदीप कुमार वेकू (ग्राम बाधमूंडी पनेड़ा, बस्तर), बामन मण्डावी (ग्राम पोंदूम, दंतेवाड़ा), सोनू कोर्राम (ग्राम चौडंग, थाना बेनूर) और संतोष कुमार कवासी (ग्राम बाघमूंडीपनेडा, थाना गीदम) शामिल हैं। उन्होने बताया कि वन विभाग ने सभी आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में कुछ अन्य मुख्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर, 21 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम घोठा निवासी श्री दुर्गूराम और दुर्गेश्वरी को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उनके पिता श्री शर्मालाल उयके की मृत्यु नाले के पानी में डूबने से हो गई थी।

### सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत निर्माण कार्य के लिए 20 लाख स्वीकृत

**कांकेर, 21 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए ग्राम पंचायतों में विभिन्न निर्माण कार्य हेतु 20 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की

# चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा स्वरूप की हुई पूजा

- दंतेश्वरी मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 21 मार्च।** शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में चैत्र नवरात्र का पर्व बड़े ही उल्लास एवं धुमधाम के साथ मनाई जा रही है। माता के भक्त भक्तिरस में सराबोर दिखाई पड़ रहे हैं। दंतेश्वरी देवी के मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर हजारों की संख्या में घी एवं तेल के ज्योत भक्तों द्वारा प्रज्वलित किए गए हैं। मंदिरों में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। दूर दराज क्षेत्रों से भी भक्त बड़ी संख्या में मां भगवती की पूजा आराधना के लिए माता के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। आज चैत्र नवरात्र का तीसरा दिन है। मां



चंद्रघंटा की पूजा आराधना करने का दिन। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की तृतिया तिथि है आज। मां दंतेश्वरी देवी के मंदिर में आज सुबह मां भगवती के तीसरे रूप चंद्रघंटा



देवी की विशेष पूजा आरती की गई। मां चंद्रघंटा दुर्गाजी का तीसरा स्वरूप है जो साहस, शक्ति और शांति का प्रतीक है। यह स्वरूप भक्तों को भय से मुक्ति, मानसिक शांति, वीरता और आत्मविश्वास प्रदान करता है। वे सिंह पर सवार होती है और उनका शरीर स्वर्ण के समान तेजस्वी है। उनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र होने के कारण इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। उनके दस हाथ हैं, जिनमें वे कमल, धनुष, बाण, खडग, त्रिशूल, और गदा जैसे अस्त्र शस्त्र धारण करती है। माता का यह रूप अत्यंत दिव्य, तेजस्वी और शांत है, लेकिन वे दुष्टों के संहार के लिए सदैव तत्पर रहती है। माता को श्वेत पुष्प और लाल फूल प्रिय है। मां चंद्रघंटा दिव्य वस्त्र और आभूषण धारण करती है। इनकी उपासना से भक्तों की सारी इच्छाएं पूरी होती है व मोक्ष मिलता है।

### रैन बसेरा निर्माण के लिए बिना सहमति घर के सामने बनाए गए

# सेप्टिक टैंक को शिकायत के बाद तोड़ना ही पड़ा नगर पालिका को

**खबर का असर**

- पीड़ितों ने नगर पालिका को आवेदन देकर टैंक हटवाने की लगाई थी गुहार
- मामला तूल पकड़ने के बाद पालिका ने गलती स्वीकार हटवाया टैंक

**दंतेवाड़ा 21 मार्च।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 बस स्टेंड के समीप सब्जी मार्केट काम्पलेक्स के उपर नगर पालिका की सहमती से रैन बसेरा का निर्माण करवाया जा रहा था। इसके लिए एक सेप्टिक टैंक खुदवाया गया था और यह टैंक दो निजि मकानों के सामने ही बना दिया गया था। सेप्टिक टैंक बनाने के लिए वार्डवासियों से कोई सहमती भी नहीं लिया गया था। वार्ड पार्षद की सहमती भी नहीं ली गई थी। परेशान होकर पीड़ितों ने इसकी शिकायत नगर पालिका से कर सेप्टिक टैंक को हटवाने की गुहार लागई थी। टैंक नहीं हटाये जाने पर कलेक्टर से भी इसकी शिकायत करने की बात कही गई थी। मीडिया में भी ये खबरें खूब सूर्खिया बनी थी जिससे पालिका की काफी किरकिरी हुई थी। जिसके बाद देर से ही सही नगर पालिका की कुंभकर्णी नींद टूटी। शुक्रवार को सीएमओ के आदेश के बाद पालिका की राजस्व टीम ने मजदूर भेजकर सेप्टिक





टेंक को तुड़वा दिया। सेप्टिक टैंक तुड़वाए जाने से अब वे लोग काफी खुश हैं जिनके घरों के सामने ही पालिका का ठेकेदार जबरन सेप्टिक टेंक खुदवा दिया था। न्याय और हक की लड़ाई लड़नी पड़ी तब जाकर पीड़ितों को राहत मिल पाया। पालिका को यह एहसास कराया गया कि आपने जो किया है वो गलत है ऐसे किसी भी मकान या दुकान के सामने सेप्टिक टैंक का निर्माण संबंधित की सहमती के बगैर नहीं किया जा सकता भले ही टैंक वाली जगह सरकारी या नजूल की ही क्यों ना हो। पालिका को बात समझ में आ गई कि उनसे गलती हुई है। अंततः उन्होने अपनी गलती स्वीकार किया और सेप्टिक टैंक को तुड़वाकर उस जगह को भर दिया जहां गढढा कर टैंक बनाया गया था। खैर देर आए दुरूस्त आए। इस पूरे प्रकरण से हमें यही सीख मिलता है कि हमेशा गलत बातों एवं चीजों का इंसान को डटकर विरोध करना चाहिए, डरना नहीं चाहिए। देर सबेर हो सकता है पर अंततः जीत हमेशा न्याय और सत्य की ही होती है।

## 22 मार्च को हेरिटेज मैराथन को लेकर ट्रैफिक एडवायजरी जारी




तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 21 मार्च।** बस्तर में 22 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली बस्तर हेरिटेज मैराथन को लेकर ट्रैफ्कि एडवायजरी जारी की गई है। मैराथन का आयोजन सुबह 4 बजे लालबाग ग्राउंड से शुरू होगा, जिसका समापन चित्रकोट में होगा। इस दौरान 5, 10, 21 और 42 किलोमीटर की अलग-अलग कैटेगरी में दौड़ आयोजित की जाएगी। मैराथन में बस्तर संभाग के साथ-साथ छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से हजारों प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन ने प्रतिभागियों और आम लोगों की सुरक्षा के लिए जगदलपुर से चित्रकोट मार्ग पर सुबह 4 बजे से दोपहर 12 बजे तक सामान्य यातायात पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।

इन मार्गों पर रहेगा प्रतिबंध

आमागुड़ा चौक से आईजीपी तिराहा, कोतवाली तिराहा, शहीद पार्क, चांदनी चौक, संजय मार्केट, मिताली चौक, दंतेश्वरी मंदिर, दामोदर पेट्रोल पंप, समुंद चौक, शिव मंदिर धरमपुरा, महिला पॉलिटेक्निक, पीजी कॉलेज तिराहा होते हुए पल्लीनाका तक वाहनों का आवागमन सुबह 4 बजे से 10 बजे तक पूरी तरह बंद रहेगा। वहीं पल्लीनाका से कुम्हरावंड, करंजी, देऊरगांव, पोटानार, गुच्छागुड़ा, छोंडीगुड़ा, छापरभानपुरी, टाकरागुड़ा, बडांजी, उसरीबेड़ा, लामड़ागुड़ा होते हुए चित्रकोट तक का मार्ग सुबह 4 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

ये होंगे वैकल्पिक मार्गः यातायात प्रभावित होने की स्थिति में अनुपमा चौक से धरमपुरा और चांदनी चौक से नयामुंडा-बोधघाट मार्ग का इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके अलावा पंडरीपानी, केशलूर आदि।

## बस्तर हेरिटेज मैराथन में 200 से अधिक पुनर्वासित माओवादी कैडर लेंगे हिस्सा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 21 मार्च।** बस्तर हेरिटेज मैराथन 2026 केवल एक खेल आयोजन मात्र नहीं है। इस मैराथन में हिंसा का मार्ग त्याग कर शांति की राह चुनने वाले आत्म-समर्पित माओवादियों, जो कभी दुर्गम जंगलों के अंधेरों में भटकते थे, लेकिन अब समाज की मुख्यधारा का अभिन्न हिस्सा बनकर इस खेल महाकुंभ में अपनी शारीरिक शक्ति और जीवटता का परिचय देते हुए मैराथन की फिनिशिंग लाइन को छूने का लक्ष्य लेकर कड़ी ट्रेनिंग ले रहे हैं। 22 मार्च 2026 (रविवार) को जगदलपुर से चित्रकोट तक आयोजित होने वाली बस्तर हेरिटेज मैराथन 2026 में बस्तर संभाग के सभी सात जिलों सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर एवं कोंडागांव से 200 से अधिक पुनर्वासित माओवादी कैडर उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस आयोजन में उनके साथ-साथ विभिन्न वर्गों के प्रतिभागी, पेशेवर एवं स्थानीय एथलीट, युवा, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नागरिक भी सम्मिलित हो रहे हैं। आत्मसमर्पित माओवादी कैडरों की यह सक्रिय सहभागिता पूना मारगेम (पुनर्वास से पुनर्जीवन) की अवधारणा को साकार रूप देती है, जो शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का मूल उद्देश्य है। पूना मारगेम के माध्यम से इन कैडरों को हिंसा के मार्ग से हटाकर समाज की मुख्यधारा में जोड़ने, उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करने तथा नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

ऐतिहासिक लालबाग मैदान की मिट्टी से शुरू होकर विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात के कल-कल करते तटों पर समाप्त होने वाली यह 42 किलोमीटर की फुल मैराथन इन समर्पित युवाओं की भागीदारी को विशेष रूप से रेखांकित करेगी। आयोजन को पूरी तरह समावेशी बनाने के उद्देश्य से इसमें 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर की दौड़ और 5 किलोमीटर की फन रन जैसी श्रेणियां भी रखी गई हैं, जहाँ बस्तर के स्थानीय धावकों और मुख्यधारा में लौटे इन युवाओं का एक अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

# चौपाल में कारीगरों को मिली योजनाओं की जानकारी, आर्टिजन कार्ड के लिए हुआ पंजीयन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 21 मार्च।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के लाइवलीहुड कॉलेज करली के मीटिंग हॉल में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय, जगदलपुर, राष्ट्रीय मानव हस्तकरघा विकास केंद्र (एनसीएचएचडी) तथा जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कारीगरों एवं एनसीएचएचडी के हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से जोड़ना, उनकी पहचान सुनिश्चित करना तथा उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाना रहा। इस दौरान हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय की टीम द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को हस्तशिल्प से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, आर्टिजन कार्ड, प्रशिक्षण एवं विपणन सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। चौपाल के दौरान ही एनसीएचएचडी के हितग्राहियों का आर्टिजन कार्ड बनाने के लिए पंजीयन कार्य भी किया गया। इससे कारीगरों को भविष्य में हस्तशिल्प बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती




शकुंतला भास्कर एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री दिनेश कौशल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं डिप्टी कलेक्टर श्री राजीव जेम्स कुजूर तथा अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही एनसीएचएचडी करली इकाई से रितेश कुमार साहू एवं प्रशिक्षकगण ने भी हितग्राहियों का मार्गदर्शन किया। वक्ताओं ने बताया कि आर्टिजन कार्ड के माध्यम से कारीगरों को शासकीय पहचान, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, प्रदर्शनी में भागीदारी एवं बाजार उपलब्धता जैसे कई लाभ प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से जिले के कारीगरों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण कारीगरों को सीधे लाभ मिलता है और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है। यह चौपाल कार्यक्रम कारीगरों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम साबित हुआ।

## मावा मोदोल कोचिंग संस्थान कांकेर व भानुप्रतापपुर में नवीन बैच के लिए पंजीयन प्रारंभ

**कांकेर, 21 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार सीजी पीएससी, सीजी व्यापमं एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी हेतु मावा मोदोल कोचिंग संस्थान कांकेर व भानुप्रतापपुर में नवीन बैच के लिए पंजीयन प्रारंभ किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा यह पहल अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य एवं उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नवीन बैच के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार 05 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों के लिए अंतिम अवसर होगा, इच्छुक अभ्यर्थी इस अवसर का लाभ उठाते हुए शीघ्र पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग 9 अप्रैल से प्रारंभ होगी तथा नियमित कक्षाएं 13 अप्रैल से प्रारंभ की जाएंगी। इस कोचिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षण एवं नियमित अभ्यास की सुविधा तथा गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान की जाएगी, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने जिले के सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर सुनहरा अवसर का लाभ उठाएं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन हेल्पलाइन नंबर 7389562231 एवं 6264092516 से संपर्क किया जा सकता है।

### पूर्व संध्या पर सिंधु भवन में किया भक्ति संगीत का आयोजन

# सिन्धी समाज ने झूलेलाल जन्मोत्सव पर निकाली दुपहिया वाहन रैली

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 21 मार्च।** सिन्धी समाज के ईष्टदेव साई श्रीझूलेलाल के जन्मोत्सव पर हर्ष व उत्साह से चेटीचंड मनाया। चैत्र मास को सिन्धी में चेटी कहा जाता है और चांद को चंड इसलिए चेटीचंड का अर्थ हुआ चैत्र का चांद, ये दिन जल के देवता साई झूलेलाल को समर्पित है। सिन्धी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया श्रीगुरु संगत गुरुद्वारा कमेटी व सिन्धी पंचायत तत्वाधान में समाज सदस्यों ने साई झूलेलाल जन्मोत्सव की पूर्व संध्या में भजन कीर्तन व भक्ति संगीत संध्या आयोजन किया सिंधु भवन में, धमतरी से आए भाई साहब हितेश जग्यासी, रोशनी जग्यासी द्वारा भजन कीर्तन होने के पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। श्री गुरु संगत गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष सुंदर भोजवानी ने बताया साईं झूलेलाल अवतरण दिवस एवं सिन्धी



नव वर्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज शुक्रवार को सिन्धी समाज के सभी सदस्य, युवा मंडल, सुहिणी सोच महिला विंग सभी सदस्य भगवा रंग के वस्त्र में भव्य दुपहिया वाहन रैली में शामिल रहे। यह दुपहिया वाहन रैली सिन्धी गुरुद्वारा से निकलकर चांदनी चौक, शहीद पार्क चौक, कोतवाली चौक, गोल बाजार, सिरहासार चौक, मां दंतेश्वरी मंदिर, संजय बाजार, चांदनी चौक होते हुए रैली सिन्धी गुरुद्वारा पहुंची। पुरे मार्ग में साईं झूलेलाल जी के जयघोष आयो लाल झूलेलाल की पुकार



रही। श्रीसिन्धी गुरुद्वारा में आज सुबह 11 बजे से भक्ति संगीत के पश्चात श्रीगुरुग्रंथ पाठ साहिब समाप्ति व अरदास, पल्लव, भोग साहिब, प्रसादी वितरण किया गया। सिन्धी पंचायत के संरक्षक गोवर्धन दास नवतानी व उपाध्यक्ष सुनील दंडवानी ने बताया कि साई झूलेलाल जन्मोत्सव पर बहराणा साहिब की विशेष पूजा की जाती है। यह बहराणा साहिब पूजा जल व ज्योत के लिए की जाती इस बहराणा साहिब में मीठे चावल, इलायची, लौंग, मेवा व अखो साहिब नदी में परवान किया गया।

## कार्यशाला में जिले के युवाओं को मिला मार्गदर्शन

**दंतेवाड़ा, 21 मार्च।** जिला रोजगार कार्यालय दंतेवाड़ा के तत्वावधान में एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं आदर्श महाविद्यालय जवांगा में अग्निवीर भर्ती 2026 हेतु विशेष मार्गदर्शन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों की अग्निवीर योजना के अंतर्गत भर्ती प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, चयन



के विभिन्न चरणों एवं तैयारी के तरीकों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में रिटायर्ड सूबेदार श्री दिनार्थो पान एवं रिटायर्ड हवलदार श्री मुन्नू स्वामी ने प्रतिभागियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा, मेडिकल टेस्ट तथा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने समय प्रबंधन, प्रभावी अध्ययन रणनीति तथा बेहतर शारीरिक फिटनेस बनाए रखने के व्यावहारिक सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करती हैं और उनमें देशसेवा के प्रति प्रेरणा जागृत करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आगामी भर्ती प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया, जिससे उन्हें भर्ती प्रक्रिया की स्पष्ट समझ प्राप्त हुई।

# भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के प्रयास से क्षेत्र के स्कूलों में प्रार्थना शेड के लिए 10-10 लाख की मिली स्वीकृति

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा,21 मार्च।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में प्रार्थना शेड के लिए 10-10 लाख की मिली स्वीकृति। विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए शिवरतन शर्मा के प्रयासों से ग्राम खपरी, गुर्रा, कोसमंदा, सिंगारपुर, तरेंगा, कचलोन, औरैठी,रोहरा, नवागांव के हाई स्कूल परिसर में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए प्रति स्कूल 10-10 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

शिवरतन शर्मा द्वारा स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों की आवश्यकता को देखते हुए प्रार्थना शेड निर्माण की बात कही गई थी। अब इस दिशा में स्वीकृति मिलने से जल्द ही कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि हम सिर्फ घोषणा नहीं करते, बल्कि उन्हें पूरा करने हेतु सतत प्रयास करते हैं, शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इसी सोच के तहत यह कार्य कराया जा रहा है। शिवरतन शर्मा बताया कि, प्रार्थना शेड बनने से विद्यार्थियों को धूप, बारिश और अन्य मौसम की परेशानियों से राहत मिलेगी। साथ ही स्कूलों में प्रार्थना सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों का आयोजन भी सुचारू रूप से हो सकेगा। शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुविधाओं का विस्तार कर रही है। सरकार की सकारात्मक सोच और सहयोग से ही ऐसे जनहितकारी कार्य संभव हो पा रहे हैं।

### स्कूलों में सुविधाओं के प्रयास जारी रहेंगे

शिवरतन शर्मा ने आगे यह भी कहा कि,विधानसभा क्षेत्र के सभी स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए उनके लगातार प्रयास जारी रहेंगे। आने वाले समय में अन्य आवश्यक कार्यों को भी स्वीकृति दिलाई जाएगी, ताकि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा सके। इस निर्णय से विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों में खुशी का माहौल है और सभी ने इसे शिक्षा विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। स्कूलों में प्रार्थना शेड की स्वीकृति मिलने पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, पवन वर्मा, मथुरा यदु, चन्द्रमणी तिवारी, योगेश अनंत, सतीश सोनी, देवक साहू, प्रदीप अनंत, पवन साहू, ठाकुर राम साहू, कनक मनहरे, धनेश्वर साहू, शंकर जायसवाल सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओ ने शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।



## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में छात्र विश्वनाथ पाव ब्लाक में प्रथम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 मार्च।** पुसौर विकासखंड में युवाओं को भारतीय संस्कृति, गौरवशाली इतिहास, महान विभूतियों एवं धर्म-कर्म के वैज्ञानिक आधार से परिचित कराने हेतु अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार एवं विद्या भारती द्वारा एक ज्ञानवर्धक परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, इतिहास और आध्यात्मिक विरासत के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

इस प्रतियोगिता में शासकीय माध्यमिक शाला पंचपारा के छात्र विश्वनाथ पाव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर तृतीय एवं विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, संकुल एवं पूरे विकासखंड का नाम गौरवान्वित किया। वहीं, विद्यालय की अन्य प्रतिभाशाली छात्राओं कु. सीमा पाव ने द्वितीय एवं कु. पूनम पाव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्था की उपलब्धियों में चार चाँद लगाए।

उक्त सफलता के उपलक्ष्य में संकुल प्राचार्य श्रीमती चंद्रकांता खरे, प्रधान पाठक मा. शा. गुणमणी गुप्ता, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला हेमसागर साव, सीएसी श्रवण कुमार साव सहित शिक्षकगण दुर्देह नायक, जान्हवि देहरी, जानकी गुप्ता, जितेंद्र पटेल, नीतू प्रधान, नरेश चौहान एवं श्यामदयाल पटेल की उपस्थिति में पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सतत प्रगति की कामना की। कार्यक्रम ने न केवल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाया, बल्कि अन्य छात्रों को भी प्रेरित करने का कार्य किया।

### संविदा पदों पर भर्ती के लिए 7 अप्रैल तक आवेदन

**रायगढ़, 21 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद पंचायतों में संविदा के आधार पर विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके तहत विकास खंड परियोजना प्रबंधक के 4 पद एवं क्षेत्रीय समन्वयक के 3 पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

## एक नजर

### एससीवीटी, हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त परीक्षा 1 से 10 अप्रैल तक

**रायगढ़, 21 मार्च।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग. रायपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीवीटी) एवं हायर सेकेण्डरी व आईटीआई की संयुक्त पूरक परीक्षा अप्रैल 2026 की परीक्षा समय सारणी जारी कर दी गई है। एससीवीटी एवं हायर सेकेण्डरी व आईटीआई की संयुक्त पूरक पात्र प्रशिक्षणार्थी जिनके प्रयास शेष है, उक्त परीक्षा में सम्मिलित होंगे। एस.सी.व्ही.टी. एवं हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त परीक्षा अप्रैल 2026 की परीक्षा 1 से 10 अप्रैल 2026 तक संपन्न होना नियत है। परीक्षार्थी परीक्षा फार्म 25 मार्च 2026 तक निर्धारित समय में भरकर संस्था में जमा करें। विस्तृत जानकारी संस्था से प्राप्त की जा सकती है तथा संस्था के सूचना पटल में चस्पा किया गया है जिसका अवलोकन कर सकते है।

### 22 मार्च को होगी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा सभी शिक्षार्थियों से शामिल होने की अपील

**रायगढ़, 21 मार्च।** शिक्षा व्यक्ति का जीवन बदलने की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है। समाज का कोई भी व्यक्ति अज्ञानता के अंधेरे में न रहे, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी और सामाजिक दायित्व है। हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हमारे आसपास, मोहल्ले, गांव और बस्तियों में एक भी व्यक्ति निरक्षर न रहे।उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, नई शिक्षा नीति के तहत संचालित एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य समाज में आजीवन सीखने की भावना विकसित करना, शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाना तथा निरक्षरों को साक्षर बनाकर उन्हें ज्ञान और कौशल से जोड़ना है। इसी क्रम में कार्यक्रम से जुड़े शिक्षार्थियों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा (एफएलएनएटी) का आयोजन आगामी 22 मार्च दिन रविवार को किया जाएगा। परीक्षा में शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच शामिल हो सकते हैं, जिसके लिए प्रत्येक शिक्षार्थी को 3 घंटे का समय दिया जाएगा।

### अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**रायगढ़, 21 मार्च।** शासन के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के मार्च माह के अंतिम सप्ताह में आने वाले शासकीय अवकाशों के दौरान भी उप-पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे। 22 मार्च (चतुर्थ रविवार), 28 मार्च (अंतिम शनिवार), 29 मार्च (अंतिम रविवार) एवं 31 मार्च (महावीर जयंती) के दिन भी भूमि एवं संपत्ति से संबंधित पंजीयन कार्य नियमित रूप से किया जाएगा। इसके साथ ही जिला कोषालय एवं उप-कोषालय भी खुले रहेंगे, जिससे पंजीयन से प्राप्त शुल्क का तत्काल जमा सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्य जारी रखा जाएगा, ताकि आम नागरिकों को सुविधा मिल सके और शासन को अधिकतम राजस्व प्राप्त हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को भी निर्देशित किया गया है कि वे इन अवकाश दिनों सहित 31 मार्च, जो कि वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन है, को शासकीय राशि जमा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### अंवरी में कर्मा जंयती मनाई गई

**अंवरी,21 मार्च।** ग्रामीण साहू समाज अंवरी एवं परिक्षेत्र साहू समाज दरबा ( बिरेझर) के तत्वधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्त कर्मा माता की महाआरती एवं वार्षिक सम्मेलन का कार्य क्रम 16 मार्च दिन सोमवार को रखा गया था 7 जिसमें दोपहर 2 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं 3 बजे शोभायात्रा निकाले गए जिसमें ग्रामीण साहू समाज के महिलाओं द्वारा सिर पर कलश लेकर कतार बध तरीके से पुरे गाँव के गली मोहल्ले का कर्मा माता के जय करो के साथ भ्रमण किया गया तत्पश्चात संध्या बेला में भोजन प्रसादी का कर्यक्रम रखा गया था जिसे ग्रामीण साहू समाज एवं ग्रामीण जन साथ में बाहर से अतिथि द्वारा प्रसादी ग्रहण किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार एवं उद्बोधन का कार्यक्रम हुआ जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष गणेश राम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को एकजुट होकर रहना चाहिए जैसे कि आज अंवरी साहू समाज ने एकजुट होकर बड़े कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया साथ में कहा कि आज के बच्चे नशाखोरी में बिगड़ते जा रहे हैं जिसे देखते हुए हमें उसे समाज की ओर जोड़ने का प्रयास करना चाहिए ताकि अच्छा समाज का निर्माण कर सके7 कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे कृष्णकांत साहू तहसील अध्यक्ष कुरूद ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक नियमावली का पालन करें ताकि समाज में अच्छा संदेश जा सके और समाज में होने वाले अभद्र जैसे रात्रि में होने वाले अनेकों कार्यक्रम है जिसे लड़ाई झगड़े का खतरा बना रहता है।

# खरसिया के रिफर सेंटर सिविल अस्पताल का बुरा हाल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**खरसिया, 21 मार्च।** खरसिया भाजपा के युवा नेता दिलीप बंटी केशरी ने बताया की सिविल अस्पताल खरसिया जो रिफर सेंटर के नाम से मशहूर है। यहां की हालत दिन प्रतिदिन और भी ज्यादा दयनीय होती जा रही है। यहां डॉक्टर्स, स्टॉफ, दवाई और ढंग के इलाज की कमी तो हमेशा से रही ही है अब तो इमरजेंसी में पहुंचे मरीज से इनके द्वारा किए जा रहे व्यवहार में भी कमी आ चुकी है। अगर भी कोई मरीज यहां पहुंचता है तो उन्हे अटेंड करने के लिए कोई डॉक्टर, नर्स या अस्पताल का स्टॉफ उपलब्ध नहीं होता है और अगर किस्मत से मिल भी जाता है तो न जिम्मेदारी से इलाज होता है और न ही व्यवहार। यहां तक की जनरल दवाइयां भी यहाँ उपलब्ध नहीं होती है और दवाई भी ये मरीज को ही दवाई दुकान से लाने बोलते है। अगर मरीज को ही दवाई लाना है तो फिर सरकारी अस्पताल का क्या फायदा है। हमेशा यहां के डॉक्टर्स एवं नर्स द्वारा कहा जाता है की यहां किसी प्रकार की दवाई या इंजेक्शन नही है तो फिर शासन से जो बड़ी मात्रा में दवाई आ रही है वो कहा जा रही है क्या वह अस्पताल स्टॉफ द्वारा दवाई दुकानों में बेच दी जा रही है या अस्पताल प्रभारी द्वारा अपनी प्राइवेट क्लिनिक लेजाई जा रही है। यह सभी बाते खरसिया विधानसभा के भाजपा के युवा नेता दिलीप बंटी केशरी ने बताते हुए आगे कहा कि खरसिया सिविल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर विक्रम सिंह राठिया अपने प्राइवेट क्लिनिक में ही लोगो के लिए उपलब्ध रहते है। कभी किसी भी समय जाने पर वो अस्पताल में मिलते ही नही है और अगर किसी दिक्कत परेशानी में आम जनता द्वारा उन्हे फोन लगाया जाएं तो वो फोन उठाना भी लाजमी नही समझते चाहे इस वजह से किसी बेमोल की जान ही क्यों ना चली जाएं। खरसिया सिविल अस्पताल, यहां के प्रभारी, नर्स एवं स्टॉफ के द्वारा किए जा रहे कारनामे किसी से छुपे नही है और पूरे कारनामे लिखने जाएं तो शब्द कम पड़ जायेंगे। युवा नेता बंटी केशरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, रायगढ़ कलेक्टर एवं संबंधित जवाबदार अधिकारीयो को पत्र भेजकर उपरोक्त विषय में जांच करते हुए सिविल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर विक्रम सिंह राठिया को निलंबित कर उचित कार्यवाही की जाने की मांग की है।

# आजीविका और जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूह की महिलाओं ने साझा किए अनुभव

**कांकेर, 21 मार्च ।** ग्रामों में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं, सामुदायिक सदस्यों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों के अनुभवों को साझा करने शुक्रवार 20 मार्च को जिला पंचायत एवं गैर शासकीय संगठन प्रदान के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत के सभाकक्ष में ÷प्रेरणा से प्रगति÷ नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और पंचायत स्तर पर जल संरक्षण और संवर्धन पर चर्चा की गई, साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हरेश मंडावी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समुदाय एवं ग्राम पंचायतों को प्रेरित करने के साथ-साथ उनके कार्यों को नई दिशा मिलती है। उन्होंने पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) के महत्व, ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) की प्रभावशीलता तथा महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही यह भी बताया कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में एक डिजिटल टूल विकसित कर ग्राम पंचायत विकास योजना की प्रक्रिया को डिजिटाइज किया गया है, जिसके माध्यम से जिले की प्रगति अब ऑनलाइन रूप से देखी जा सकती है। इस डिजिटल व्यवस्था से योजनाओं की निगरानी, पारदर्शिता एवं समयवद्ध क्रियान्वयन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कैडरों ने अपने अनुभव साझा किए। कई प्रतिभागियों ने बताया कि किस प्रकार जल संसाधन आधारित आजीविका गतिविधियों जैसे मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन एवं अन्य कृषि आधारित कार्यों के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि हुई है तथा जीवन स्तर में सुधार आया है।

# आदिवासी शिक्षा को ऐतिहासिक बढ़ावा देने 4 जर्जर छात्रावास भवनों की जगह बनेंगे आधुनिक छात्रावास

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 मार्च ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी एवं जनकल्याणकारी नेतृत्व में रायगढ़ जिले के आदिवासी अंचलों को एक बड़ी सौगात मिली है। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से संचालित चार प्रमुख आदिवासी छात्रावासों के लिए नवीन भवन निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरगामी पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आने वाले वर्षों में हजारों बच्चों का भविष्य संवरने वाला है।

स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत विकासखंड धरमजयगढ़ एवं लैलूंगा क्षेत्र में स्थित शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम सोनाजोरी, शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम पुरूंगा, प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास मुकडेगा तथा प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास खड़गांव शामिल हैं। इन चारों छात्रावासों के लिए कुल लगभग 6.10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें प्रत्येक भवन पर लगभग 1.52 करोड़ से 1.62 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। वर्षों से संचालित ये छात्रावास भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुके थे, जिससे बच्चों को कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। अब नए, सुरक्षित और आधुनिक भवनों के निर्माण से न केवल इन संस्थानों का कायाकल्प होगा, बल्कि बच्चों को एक सम्मानजनक और प्रेरणादायक वातावरण भी प्राप्त होगा।इन छात्रावासों के निर्माण से प्रतिवर्ष लगभग 400 से 500 आदिवासी छात्र-छात्राएं सीधे लाभान्वित होंगे। आने वाले वर्षों में यह संख्या हजारों तक पहुंचने की संभावना है। दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों से आने वाले बच्चों के लिए यह सुविधा किसी वरदान से कम नहीं होगी, क्योंकि उन्हें अब बेहतर आवास, सुरक्षा और अध्ययन का अनुकूल वातावरण मिलेगा। नए भवनों में विद्यार्थियों को समग्र विकास के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग, निःशुल्क गणवेश एवं शैक्षणिक सामग्री, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय, पर्याप्त रोशनी एवं सुरक्षित आवासीय व्यवस्था शामिल हैं। इन व्यवस्थाओं से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे पूरी एकाग्रता के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकेंगे। इन छात्रावासों में अध्ययन करने वाले बच्चे भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और जागरूक नागरिक बनकर समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह पहल आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ने और शिक्षा के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

# एसबीआई ने उन्नायक सेवा समिति को प्रदाय की स्कूल बस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 21 मार्च ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत 'उन्नायक सेवा समिति' रायगढ़ को 18 सीटर विंगर स्कूल बस प्रदान की है। यह बस 19 मार्च 2026 को एसबीआई के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, रायगढ़ द्वारा संस्था को सौंपी गई। यह पहल बाल कल्याण, शिक्षा और पुनर्वास के क्षेत्र में कार्यरत संस्था के बच्चों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। कार्यक्रम में भोपाल सर्कल के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने औपचारिक रूप से बस की चाबी संस्था की प्रबंधक रुपाली रवानी को सौंपी। इस अवसर पर छात्रावास के अनाथ बच्चों ने गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया, जिससे कार्यक्रम भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया।

सामाजिक विकास के प्रति एसबीआई की प्रतिबद्धताइस अवसर पर महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक देशभर में सामुदायिक कल्याण और सामाजिक विकास की पहलों को निरंतर समर्थन देता रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बैंक जनसेवा और क्षेत्रीय विकास के लिए कार्यरत संस्थाओं के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल एसबीआई के उन सतत प्रयासों को दर्शाती है, जिनके माध्यम से बैंक अपने सीएसआर कार्यक्रमों के जरिए समाज के वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रहा है। उन्नायक सेवा समिति' की प्रबंधक रुपाली रवानी ने इस सहयोग के लिए एसबीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक बच्चों को छात्रावास से स्कूल आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन इस बस के मिलने से उनकी यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी और शिक्षा की राह आसान बनेगी।इस अवसर पर महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह रावत, अग्रणी बैंक प्रबंधक कमल किशोर सिंह, मुख्य प्रबंधक क्षीतेश्वर पटेल, रवि कुमार चौकीकर, पीयूष कुमार एवं प्रेम पटेल सहित बैंक के अन्य अधिकारी एवं उन्नायक सेवा समिति के सदस्य, स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने मैदानी दौरा कर योजनाओं के क्रियान्वयन का किया सघन निरीक्षण



**धमतरी, 20 मार्च।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों का व्यापक भ्रमण कर विकास कार्योंए कृषि गतिविधियों एवं संस्थागत व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयनए गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा आमजन को त्वरित लाभ दिलाने के निर्देश दिए।कलेक्टर मिश्रा के भ्रमण की शुरुआत पोटियाडीह से हुईए जहां कलेक्टर ने एवं हाउसिंग सोसायटी का निरीक्षण करते हुए खाद.बीज वितरणए ऋण सुविधा तथा अभिलेखों के संधारण की स समीक्षा की। उन्होंने पारदर्शिता बनाए रखने एवं किसानों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से चर्चा की उनकी समस्याओं को सुना ।कलेक्टर ने बताया कि पोटियाडीह 4000 मैट्रिक टन का गोदाम बनाने की कार्य योजना बनाई हैपोटियाडीह में आज चना खरीदी केंद्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को केसीसी की किताब सौपी उन्होंने डोमा में सोसायटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं जुगही में किसानों से संवाद कर मक्का फसल की स्थिति की जानकारी ली और उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### कस्टम मिलिंग में लापरवाही पर ऋषभ राइस प्रोसेसिंग पर प्रकरण दर्ज

**धमतरी 20 मार्च ।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार बीते दिन श्री भेलेन्द्र कुमार ध्रुव सहायक खाद्य अधिकारी एवं श्री वैभव कोरटिया खाद्य निरीक्षक धमतरी द्वारा विकासखंड धमतरी के अंतर्गत रिषभ राईस प्रोसेसिंग श्यामतराई बस्तर रोड धमतरी की आकस्मिक जांच की गई। जांच में फर्म ऋषभ राईस प्रोसेसिंग के संचालक श्री विनय पारख द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग हेतु 64000 क्विटल धान का अनुबंध जिला विपणन कार्यालय धमतरी से किया गया था, जिसमे से जांच दिनांक तक 38631.68 क्विंटल धान का डी.ओ. जारी कर उठाव किया गया है. जिसका अनुपातिक चांवल 26129.72 क्विटल होता है। संचालक द्वारा धान उठाव पश्चात भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम धमतरी में चांवल 5262.67 क्विंटल जमा किया जाना शेष है जो कि फर्म के संचालक द्वारा शासकीय कार्य में रूचि नहीं लिया जा रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 96080.00 क्विंटल धान का उठाव करने हेतु खाद्य विभाग से अनुमति प्रदान की गई है। जारी अनुमति में फर्म द्वारा धान उठाव हेतु 35870.00 क्विंटल का डी.ओ. मार्कफेड से जारी किया गया तथा जारी डी.ओ. के विरूद्ध जांच दिनांक तक 17628.09 क्विंटल धान का उठाव किया गया है एवं भारतीय खाद्य निगम तथा नागरिक आपूर्ति निगम में 11926.11 क्विंटल चावल जमा किया जाना शेष है। फर्म के भौतिक सत्यापन में प्राप्त धान व चावल का मिलान करने पर चावल 257.33 क्विंटल अधिक पाया गया।

# जनसमस्या निवारण शिविर में मौके पर हुआ समस्याओं का समाधान और योजनाओं का मिला सीधा लाभ भी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 21 मार्च ।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा धरमजयगढ़ विकासखंड के तहसील मुख्यालय छाल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में छाल एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। शिविर में प्राप्त सैकड़ों आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने व्यवस्थाओं का अवलोकन कर अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी राठिया ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए आमजनों को अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीनव बिरजू राठिया ने कहा कि जिला प्रशासन का पूरा अमला आज यहां उपस्थित है, जिससे आमजन अपनी समस्याओं का समाधान कराकर योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा करते हुए प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड निर्माण तथा राजस्व प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लिए नए आवेदनों का पंजीयन भी किया गया। हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित शिविर के दौरान 20 कृषकों को वन अधिकार फौती, नामांतरण एवं किसान किताब प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। अपेक्स बैंक शाखा धरमजयगढ़ द्वारा किसानों को केसीसी योजना के तहत 5 लाख रुपए से अधिक के ऋण स्वीकृत किए गए। समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत 5 दिव्यांग विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 महिलाओं की गोद भराई तथा 9 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत उन्नति एवं ज्योति महिला स्व-सहायता समूह को आजीविका गतिविधियों के लिए 60-60 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। शिविर में 25 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 14 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उद्यान विभाग द्वारा 20 से अधिक हितग्राहियों को फलदार पौधे दिए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को वॉकिंग स्टिक तथा मत्स्य पालन विभाग द्वारा आइस बॉक्स एवं मछली जाल वितरित किए गए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। शिविर से लाभान्वित हितग्राहियों ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्राम रीलो के किसान गणेश राम को केसीसी ऋण प्राप्त हुआ, वहीं ग्राम जोगड़ा के हरनारायण को वन अधिकार फौती, बोकरामुड़ा की सरिता राठिया को राशन कार्ड, छाल की पद्मनी महंत को आयुष्मान कार्ड तथा तीरिथ बाई को आधार कार्ड मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, एसडीएम श्री प्रवीण भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सरपंच, जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आईटीआई चौक की अंधेरी तस्वीर वायरल, पार्षद के सवालों से प्रशासन घिरा

डोंगरगढ़ 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद कोंडा विनायक राव ने अपने इंस्टाग्राम आईडी memory_recalling पर हाल ही में एक वीडियो साझा कर द्बक्षद्ब चौक (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने) की स्थिति उजागर की है, जहां रात के समय पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा नजर आया। वीडियो में पार्षद राव ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की जागरूकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें अपने पद की जिम्मेदारी और महत्व समझना होगा। गौरतलब है कि विनायक राव वर्ष 2019 से ही लगातार अपने इंस्टाग्राम हैंडल के माध्यम से इस तरह के सार्वजनिक मुद्दों को उठाते हुए लोगों का ध्यान आकर्षित करते आ रहे हैं। यह मामला इन दिनों डोंगरगढ़ में चर्चा का केंद्र बना हुआ है, वहीं युवा वर्ग भी उनकी इस पहल से प्रभावित नजर आ रहा है।

### महेश अग्रवाल रायपुर जिला ग्रामीण व्यापार प्रकोष्ठ का नए संयोजक

तिल्दा नेवरा 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठनात्मक नियुक्तियों के क्रम में महेश अग्रवाल को रायपुर जिला ग्रामीण के व्यापार प्रकोष्ठ का नया संयोजक नियुक्त किया गया है। इस नई जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।



विशेष रूप से :श्रीमती रानी सौरभ जैन, जो वर्तमान में तिल्दा शहर मंडल की भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष है उन्होंने महेश अग्रवाल को इस नई नियुक्ति के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की है।रानी सौरभ जैन ने इस जिम्मेदारी के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व, प्रदेश और जिला पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि महेश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापार प्रकोष्ठ और अधिक सशक्त होगा। यह नियुक्ति संगठन को रायपुर ग्रामीण स्तर पर व्यापारियों के बीच और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से की गई है।

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आत्मीय स्वागत



डोंगरगढ़ 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नवरात्र पर्व के दूसरे दिन मां बमलेश्वरी देवी दर्शन को आए रायपुर लोकसभा के लोकप्रिय सांसद, आठ बार के विधायक एवं पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का होटल राज इन में आगमन हुआ। इस अवसर पर डोंगरगढ़ के वरिष्ठ नेता हरविंदर एस मंगे, सहित मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रिंस कक्कड़, गिरीश साहू, मयंक डोंगरे एवं अन्य भाजपा के कार्यकर्ताओ ने श्री अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया। मुलाकात के दौरान सभी वरिष्ठजनों के साथ संगठनात्मक विषयों एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर सार्थक चर्चा हुई। इस संवाद ने संगठन को और सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान की।

### ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली संसद घेराव में शामिल हुए राजनांदगांव युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता



डोंगरगढ़ 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चीब के नेतृत्व में व प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के साथ देशभर से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने भारत विरोधी बताए जा रहे ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली में संसद घेराव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान राजनांदगांव ग्रामीण युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। जिलाध्यक्ष महेश सेन के नेतृत्व में राजनांदगांव युवा कांग्रेस के लगभग 15 कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर आंदोलन में शामिल हुए और विरोध प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, ब्लॉक अध्यक्ष छन्नूलाल वर्मा, रामसुख देवांगन, जयप्रकाश जंघेल, यशवंत कंवर, कन्हैया चौहान, धनेश्वर उइके, दिनेश, मनोज निषाद, प्रकाश लहरे, नूतेंद्र सिन्हा, दीपक वर्मा, निखिल व गुलशन साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन देशहित में किया जा रहा है और भविष्य में भी जनहित के मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद की जाती रहेगी।

# डोंगरगाँव पुलिस ने अज्ञात मृतक का कराया सम्मानपूर्वक कफन-दफन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव 21 मार्च। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना डोंगरगांव डायल 112 वाहन द्वारा इवेंन्ट मिलनें पर एक अज्ञात पुरुष को ग्राम अर्जुनी से गंभीर बीमार अवस्था में उपचार हेतु शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगाँव में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु दिनांक 11.03.2026 को हो गई। अस्पताल प्रबंधन द्वारा उक्त घटना की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को को दी गई, जिस पर पुलिस चौकी द्वारा वारिसान के आने का इंतजार किया गया कोई भी परिजन एवं वारिसान नही आने से थाना डोंगरगांव को कफ्न दफ्न कराने हेतु सुचना प्राप्त होनें से आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई। फोटोग्राफ एवं विडियोग्राफी कराया गया। थाना डोंगरगाँव पुलिस द्वारा मृतक की पहचान स्थापित करने के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों एवं सरहदी जिलो में मृतक का फोटोग्राफ भेज कर एवं कोटवार ग्रुप एवं विभिन्न सोशल मिडिया ग्रुप में फोटो पहचान हेतु सूचना प्रेषित की गई तथा गुम इंसान संबंधी अभिलेखों से मिलान किया गया। साथ ही मृतक के हुलिए के आधार पर स्थानीय स्तर पर भी पहचान कराने का प्रयास किया गया, किन्तु निर्धारित समयावधि तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी और न ही कोई परिजन अथवा दावेदार सामने आया। ऐसी स्थिति में पुलिस द्वारा विधिसम्मत आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए अज्ञात मृतक के शव का सम्मान पूर्वक कफ्न-दफ्न चिखली राजनांदगांव स्थित मुक्तिधाम में कराया गया, ताकि मृतक को मानवीय गरिमा के साथ अंतिम संस्कार दिया जा सके। इस कार्यवाही के माध्यम से थाना डोंगरगाँव थाना द्वारा मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए अज्ञात मृतक को सम्मानजनक अंतिम विदाई दी गई, जिसकी क्षेत्र में सराहना की जा रही है। संपुर्ण कार्यवाही मे प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार थाना प्रभारी डोंगरगांव प्रधान आरक्षक 233 संदीप देशमुख एवं आरक्षक 1673 ओंकार कुर्रे का महत्वपुर्ण योगदान रहा।

सभी के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ विधानसभा बजट सत्र

# लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के साथ अनेक महत्वपूर्ण विधेयक हुए पारितः मुख्यमंत्री साय

रायपुर, 21 मार्च। विधानसभा के बजट सत्र के सफल समापन पर मंत्रीगण एवं विधायकगण ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में भेंट कर उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया और सफल सत्र के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वय और सहयोग से ही यह सत्र सार्थक और सफल बन पाया है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का पावन मंदिर है और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाना ही इसका मूल दायित्व है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस बजट सत्र के दौरान लगभग 585 आत्मसमर्पित नक्सलियों ने विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया जो एक अत्यंत प्रेरणादायक पहल है। इससे यह संदेश गया है कि राज्य सरकार भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है, जिसका सीधा संबंध राज्य की आंतरिक सुरक्षा, शांति और समृद्धि से है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट सत्र में कुल 15 बैठकें आयोजित हुईं और यह सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण एवं परिणामकारी रहा। सत्र के दौरान माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन द्वारा कृतज्ञता व्यक्त की गई तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पारित किया गया। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण विधायी कार्य भी सम्पन्न हुए। उन्होंने कहा कि इस सत्र में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक-2026, छत्तीसगढ़ नगर एवं ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक-2026 तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल (संशोधन) विधेयक-2026 जैसे महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। साथ ही भर्ती परीक्षाओं में नकल रोकने संबंधी विधेयक तथा छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक भी सर्वसम्मति से पारित हुए, जो युवाओं के भविष्य और पारदर्शी भर्ती प्रणाली के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सत्र के दौरान सदन के सदस्यों ने अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, प्रश्न पूछे और अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया, जो लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे भले ही अस्वस्थता के कारण सदन में उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने लगातार डिजिटल माध्यम से सदन की कार्यवाही पर नजर रखी।मुख्यमंत्री ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सत्र के सफल संचालन के लिए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप, मंत्रिपरिषद के सदस्यों, सभी विधायकगण, विधानसभा सचिव श्री दिनेश शर्मा, सुरक्षा कर्मियों एवं समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को विशेष धन्यवाद दिया।

## राष्ट्र सेविका समिति ने हिंदू नववर्ष उत्सव मनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 21 मार्च। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा स्थानीय बंगाली पारा में नव वर्ष का उत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती अर्चना बानिक जी, मुख्य वक्ता श्रीमती श्रुति गुप्ता राजनांदगांव, श्रीमती वैशाली देशकर जिला बौद्धिक प्रमुख तथा राजनांदगांव विभाग एवं उत्तर बस्तर विभाग की विभाग प्रचारिका सुश्री शारदा चंद्रा दीदी उपस्थित थीं।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात श्रीमती झुंपा मंडल दीदी ने अतिथियों का परिचय कराया।----एवं ---ने अतिथियों का स्वागत किया। रीना पोद्दार ने अमृत वचन, पिंकी राय ने श्लोक, इतिका साहू ने सामूहिक गीत एवं प्रतिभा वर्मा ने एकल गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती अर्चना बानिक जी ने आशीर्वचन के रूप में महिलाओं को संगठित होकर राष्ट्र कार्य करने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता श्रुति गुप्ता दीदी ने वर्ष प्रतिपदा, हिंदू नव वर्ष की विशेषता बताते हुए विभिन्न दृष्टांतों के माध्यम से उसका महत्व बताया एवं राष्ट्रनिर्माता डॉक्टर हेडगेवार जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। शाखा कार्यवाहिका श्रीमती वैशाली देशकर ने आभार प्रदर्शन किया। झुंपा मंडल दीदी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने मुस्लिम समुदाय को ईद की दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव21 मार्च। छत्तीसगढ विधानसभा के अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डे एवं महापौर श्री मधुसूदन यादव ने ईद-उल-फित्तर के मुबारक अवसर पर मुस्लिम समुदाय को बधाई दिये है। उन्होंने हमारी संस्कृति से जुड़े इस महत्वपूर्ण पर्व को अपूर्व उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है। विधायक, सांसद एवं महापौर ने मुस्लिम समुदाय को ईद-उल-फित्तर की बधाई देते हुए कहा कि इस्लाम धर्म का यह पर्व हमें इबादत एवं सदका की प्रेरणा देता है। रमजान के एक महिने के रोजे के बाद मनाये जाने वाला यह पर्व मालिक की इबादत में वृद्धि करने,अच्छाई की ओर कदम बढ़ाने,भाई-चारा, शील-संकोच,दीन-धर्म का प्रदर्शन करने व मालिक की याद से ह्दय को जगमग करने की प्रेरणा देता है। ईद-उल-फित्तर एक ऐसा पर्व है, जो हमें मानवता की सेवा में समर्पित होने और जरूरतमंद लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए उनकी मदद करने की प्रेरणा देता है। निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा,नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा,सुनील साहू,राजेश जैन रानू,श्रीमती बिना ध्रुव,शैंकी बग्गा,आलोक श्रोती,राजा माखीजा,श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा,श्रीमती केवरा विजय राय एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू,सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुती लोकेश जैन,श्री संतोष कुमार साहू,श्रीमती मोहनी बाई एवं श्री सेवक राम उइके, वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमीन यादव, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल तथा पार्षदा ने मुस्लिम समुदाय को एक महिने के रोजे के उपरांत मनाये जाने वाले इस त्योहार को उमंग व उल्लास के साथ मनाने के लिये बधाई दी है।

### पार्षद के प्रयास से 30 वर्ष पुरानी समस्या का हुआ समाधान

डोंगरगढ़ 21 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वार्ड क्रमांक 3 में 30 वर्षों से चली आ रही बिजली पोल की समस्या का समाधान हो गया है। पार्षद कोंडा विनायक राव के पिछले 6 महीनों के सतत प्रयासों से 8ङ्क10 घरों के पास दो नए बिजली पोल स्थापित किए गए हैं। इससे वार्डवासियों को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय नागरिकों ने पार्षद कोंडा विनायक राव के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है, साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया है।

## डीएवी विद्यालय में नर्सरी से कक्षा दूसरी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला 21 मार्च। डी .ए.वी .पब्लिक स्कूल किरंदुल में आज दिनांक 20/3/2026 को विद्यालय सभागार में नर्सरी , एल.के.जी . , यू .के .जी .से लेकर कक्षा पहली और दूसरी तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभी नन्हे मुन्ने बच्चे अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय में उपस्थित रहे ,उनके चेहरे पर अपने परिणामों को लेकर उत्सुकता और खुशी झलक रही थी । समस्त शिक्षक गण एवं स्टाफभी इस अवसर पर मौजूद रहे ।

नर्सरी (अ+ब)कक्षा में प्रथम स्थान लक्ष्य नाग 99.50 प्रतिशत और जागृति नियाल ,100त्न अंक प्राप्त की। एल. के .जी (अ+ब)में प्रथम स्थान गणेश कुमार ठाकुर 99 .83त्नएवं लीना चौहान 100त्न प्राप्त की । यू .के .जी. (अ+ब)में प्रथम स्थान दीपक मंडावी 100त्न एवं बुल्टी सिकदर 99.50त्न प्राप्त की । कक्षा पहली (अ+ब)में प्रथम स्थान विनायक 99त्न एवं मिर्जा अमीर रजा बाग 97.33 प्रतिशत प्राप्त किया । कक्षा दूसरी (अ+ब) में प्रथम स्थान गरिमा ठाकुर 99.67 प्रतिशत एवं मीनाक्षी नामों ने 98.83 प्रतिशत प्राप्त की ।

## नवरात्रि के पहले दिन विधायक देवेंद्र यादव ने मां बमलेश्वरी का दर्शन कर लिया आशीर्वाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 21 मार्च। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव अपने समर्थकों के साथ मां बमलेश्वरी के दरबार पहुंचे और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान छिरपानी परिसर में स्थानीय कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद विधायक देवेंद्र यादव समर्थकों के साथ पैदल ऊपर मंदिर पहुंचकर मां बमलेश्वरी के दर्शन किए। देर रात उन्होंने नीचे स्थित माता के दरबार में भी मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पटीला,जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, महामंत्री थानेश्वर पाटीला,युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनिमेष सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी, प्रदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष महेश सेन,पार्षद संजय श्रीवास्तव, पार्षद प्रीति समुंद्रे, सेवादल जिला अध्यक्ष जितेंद्र भाटिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गोमस्ताव, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शिव निषाद, शिशुपाल भारती, प्रमोद सिंह ठाकुर, किरण मेश्राम, कृष्ण लिल्हारे, मतीन खान, चूमन साहू, प्रकाश महानदी, वाशु सिंह, रोहित टेम्बुरकर, करण ठाकुर, विक्की रामटेके, महेश बोरकर, सतीश साहू, सचिन साहू, वेदु साहू, मुकेश

### नाबालिक पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में

(अभिभावक/पालन द्वारा प्रमाणित)

मैं छबिलाल हरपाल पुत्री शुभद्रा गांव कनेरी तहसील ला.बहा. नगर जिला राजनांदगांव (छ.ग.) राज्य ने अपने नाबालिक सुपुत्री का नाम सोहद्रा हरपाल (पुराना नाम) से बदल कर शुभद्रा (नया नाम) रख लिया है।

**छबिलाल**
**माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर**


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दूरभाष - 0788-2210876

दुर्ग, दिनांक 13.03.2026

### (ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
### (प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 02.04.2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 371/187250 | जिला बेमेतरा के पतोरा से ठरकपुर मार्ग लं. 0.80 कि.मी. का निर्माण कार्य | 75.95 |
| 372/187251 | जिला बेमेतरा के साजा नवीन अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन का निर्माण कार्य | 63.15 |
| 373/187252 | जिला कबीरधाम के शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य | 42.00 |
| 374/187253 | जिला दुर्ग के गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर- 6 सतनाम भवन भिलाई में डोम शेड का निर्माण कार्य | 46.91 |
| 375/187254 | जिला दुर्ग के पुलगांव गोकुल नगर दुर्ग में सामाजिक कंवर भवन का निर्माण कार्य | 23.15 |
| 376/187274 | चन्दुलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सा भवन कंचांदुर दुर्ग में विभिन्न मरम्मत कार्य | 42.73 |

टीपः-

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

जी-252607301/7

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग,**
**दुर्ग मण्डल दुर्ग**


भाजयुमो जिला मंत्री चेतन साहू ने छग धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के लिए सीएम और गृहमंत्री का जताया आभार

# सामूहिक धर्मांतरण पर होगी उम्रकैद और 25 लाख का जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला-मानपुर 21 मार्च। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने राज्य की सांस्कृतिक अखंडता और वनांचल की अस्मिता को अक्षुण्ण बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा और साहसी कदम उठाया है। राज्य विधानसभा ने बहुप्रतीक्षित 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक 2026' को सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। यह नया कानून प्रदेश में अवैध धर्मांतरण, प्रलोभन, छल-कपट और विवाह के नाम पर होने वाले मतांतरण को रोकने के लिए देश के सबसे कठोर कानूनों में से एक माना जा रहा है। इस विधेयक के पारित होने से उन ताकतों पर नकेल कसी जाएगी जो लंबे समय से राज्य के भोले-भाले ग्रामीणों और आदिवासियों को गुमराह कर मतांतरण के खेल में संलिप्त थीं।



इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री चेतन साहू ने प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। चेतन साहू ने इस कानून को एक वैचारिक क्रांति बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की माटी और यहाँ की प्राचीन संस्कृति को बचाने के लिए जो संघर्ष कभी एक जन-आंदोलन के रूप में सड़कों पर लड़ा जा रहा था, आज वही विचार कानून की दिशा में मजबूती से अग्रसर हुआ है। उन्होंने कहा कि यह कानून केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि उन हजारों कार्यकर्ताओं के संघर्ष की जीत है जिन्होंने वनांचल की पहचान बचाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। विधेयक के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए साहू ने बताया कि अब छत्तीसगढ़ में अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने वालों की खैर नहीं होगी। नए कानून के तहत सामान्य अवैध धर्मांतरण के मामलों में 5 से 10 वर्ष की जेल और 5 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। वहीं, सामूहिक धर्मांतरण जैसे गंभीर अपराधों के लिए सजा को और भी कड़ा करते हुए 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास यानी उम्रकैद तक की सजा और 25 लाख रुपये के भारी-भरकम जुर्माने का प्रावधान शामिल किया गया है। कानून में महिलाओं, बच्चों और अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के लोगों के संरक्षण के लिए विशेष कड़ाई बरती गई है, ताकि समाज के इन वर्गों को किसी भी प्रकार के प्रलोभन या दबाव से सुरक्षित रखा जा सके। चेतन साहू ने विशेष रूप से मोहला-मानपुर और बस्तर जैसे संवेदनशील वनांचल क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन इलाकों में लंबे समय से अवैध मतांतरण और प्रलोभन की शिकायतें मिल रही थीं। विदेशी शक्तियों और कतिपय संगठनों द्वारा आदिवासी समाज की मूल परंपराओं और संस्कृति को क्षति पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा था। भाजयुमो जिला मंत्री ने प्रदेश सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले को 'वनांचल का सुरक्षा कवच' बताते हुए कहा कि इससे न केवल अवैध धर्मांतरण पर अंकुश लगेगा, बल्कि आदिवासी समुदाय अपनी जड़ों से जुड़े रह सकेंगे। प्रदेश सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि अब छत्तीसगढ़ में विवाह के नाम पर किया गया मतांतरण कानूनन शून्य और अमान्य घोषित किया जाएगा, ताकि कोई भी छल-कपट से किसी का धर्म परिवर्तन न करा सके। यदि कोई व्यक्ति अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करना चाहता है, तो उसे 60 दिन पूर्व जिला मजिस्ट्रेट को विधिवत सूचना देनी होगी, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहेगी। चेतन साहू ने अंत में कहा कि युवा मोर्चा इस कानून के प्रति जन-जागरूकता फैलाएगा और छत्तीसगढ़ की माटी की अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# नमाज, फितरा और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया ईद-उल-फितर

**रायपुर, 21 मार्च।** शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व पूरे देश में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रमजान के पूरे महीने रोजा रखने के बाद मुसलमानों के लिए यह दिन खास अहमियत रखता है। इसे मीठी ईद भी कहा जाता है, क्योंकि इस दिन लोग खुशियां बांटते हैं और अल्लाह का शुक्र अदा करते हैं। सुबह से ही लोग ईद की तैयारियों में जुटे नजर आए। नहाने-धोने के बाद नए या साफकपड़े पहनकर, इत्र लगाकर लोग ईदगाह और मस्जिदों की ओर नमाज के लिए निकलते हैं। नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी जाती है। कई जगहों पर नमाज के बाद लौटते समय अलग रास्ते से घर जाने की परंपरा भी निभाई जाती है।

**नमाज से पहले फितरा देना जरूरी:** रमजान खत्म होने के साथ ही जकात-उल-फित्र देने की परंपरा निभाई जाती है। इसे नमाज से पहले अदा करना जरूरी माना गया है। इसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाना होता है, ताकि वे भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। कई लोग मस्जिदों या सामाजिक संस्थाओं के जरिए यह दान करवाते हैं।

**कई देशों में दो से तीन दिन मनाई जाती है ईद :** ईद-उल-फित्र इस्लामी कैलेंडर के शव्वाल महीने की पहली तारीख को मनाई जाती है और इसकी तारीख चांद दिखने पर तय होती है। अलग-अलग देशों में यह त्योहार एक-दो दिन के अंतर से मनाया जाता है।

PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 21 मार्च। ईद के मौके पर लोगों ने सामूहिक नमाज पढ़ी और एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी।

## एक नजर

### निगम अपर आयुक्त ने रॉ वाटर पम्पों का किया निरीक्षण





**रायपुर, 21 मार्च।** नगर निगम अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने इंटेकवेल स्थित सागर, सरिता, नीर क्षीर एवं खारुन पंप हाउस से रॉ वाटर पंपों का निरीक्षण कर संचालित पंपों की क्षमता, संचालन की स्थिति, सभी सब स्टेशन 33 के वी/11के वी की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया. इस दौरान नगर निगम कार्यपालन अभियंता जल नर सिंह फरेन्द्र सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी और कर्मचारीगण की इंटेकवेल में उपस्थिति रही. नगर निगम अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू द्वारा सभी पंपों तथा मोटर इत्यादि का मेंटेनेंस ग्रीष्म ऋतु में कोई दिक्कत न हो, इसलिए सभी पार्ट्स तथा पूर्व से सर्विसिंग करने के निर्देश दिए. इसके साथ ही अपर आयुक्त ने नदी में जल संसाधन विभाग से प्राप्त हो रहे कच्चे जल का लेवल प्रतिदिन मॉनिटर कर विभाग से समन्वय बनाने के निर्देश दिए.

### दुर्ग, बलरामपुर के बाद रायगढ़ में अफीम की खेती सरकारी संरक्षण में ही संभव : बैज

**रायपुर, 21 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि दुर्ग बलरामपुर के बाद अब रायगढ़ के तमनार थाना क्षेत्र के आमघाट गांव में अफीम खेती का मामला सामने आया है। मादक पदार्थ अफीम की खुले आम खेती प्रदेश के सभी क्षेत्रों में हो रही है। इसका सीधा मतलब है कि इस खेती के पीछे सरकार का संरक्षण है। जो मामले पकड़ा रहे वह जनजागरूकता के कारण पकड़ा रहे सरकार अफीम की खेती करने वालो को संरक्षण दे रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य में अफीम की खेती की निष्पक्ष जांच होनी चाहिये। बिना सरकार के संरक्षण के पूरे प्रदेश में नशे का इतना बड़ा कारोबार संभव नहीं है। भाजपा ने विनायक ताम्रकार को केवल निलंबित किया है, निष्कासित नहीं। उसे कौन बचा रहा है? विनायक ताम्रकार पुलिस ने मुख्य अभियुक्त क्यों नहीं बनाया, सरकार उसे क्यों बचा रही है? बलरामपुर में अफीम की खेती करने वाले को भाजपा के किस नेता का संरक्षण था, जनता जानना चाहती है? बलरामपुर में तो जिस जमीन पर अफीम की खेती हो रही थी, गिरदावरी में वहाँ अन्य फसल लगा होना बताया है, मतलब सरकारी अमले को पता था वहाँ अफीम की खेती हो रही थी, इसका मतलब साफहै कि सत्ता के संरक्षण में ही यह सब कुछ हो रहा है।

### रजिस्ट्री उपकर संशोधन में 0.60 प्रतिशत की छूट देने का स्वागत

**रायपुर, 21 मार्च।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर रजिस्ट्री उपकर संशोधन विधेयक को विधानसभा में पारित कर जनता के



रजिस्ट्री शुल्क में 0.60% की छूट प्रदान की है इससे एक करोड़ की रजिस्ट्री पर 60 हजार का लाभहोगा। इससे जमीन, मकान की रजिस्ट्री अधिक सुलभ, सरल और कम खर्चीली होगी विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत करते हुए वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि विधेयक केवल एक विधिक संशोधन नहीं बल्कि राज्य सरकार की जनहित, लोक कल्याण और कर व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार के प्रति प्रतिबध्दता का सशक्त प्रतीक है। आहूजा ने इस छूट के लिए मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ की पूरी जनता की ओर से धन्यवाद दिया है।

# बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर की किल्लत और कालाबाजारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

**रायपुर 21 मार्च।** आम जनता पर बढ़ती महंगाई, रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत एवं कालाबाजारी के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

यह प्रदर्शन अंबेडकर चौक से प्रारंभ हुआ, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।





कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेसजनों ने गैस सिलेंडर की कमी और कालाबाजारी को लेकर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया तथा संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा कि आज आम जनता महंगाई की मार से बुरी तरह त्रस्त है और रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। स्थिति यह है कि गैस सिलेंडर खुलेआम 3 से 4 हजार रुपये में कालाबाजारी के माध्यम से बेचे जा रहे हैं, जबकि अधिकांश एजेंसियों में 1500 से अधिक उपभोक्ता वेटिंग में हैं।

उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन पर्याप्त स्टॉक होने का दावा कर रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। देश और प्रदेश के जिम्मेदार मंत्री चुनावी व्यस्तताओं में उलझे हुए हैं, जबकि आम जनता अपने घर की रसोई चलाने के लिए दर दर भटक रही है।

श्रीकुमार शंकर मेनन ने भाजपा के सांसद, विधायक और नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग केवल चुनाव के समय नजर आते हैं, लेकिन जब जनता संकट में होती है तो पूरी तरह गायब हो जाते हैं। आज मजदूर हो या व्यापारी, सिंगल सिलेंडर वाला हो या डबल, हर वर्ग इस समस्या से जूझ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि नवरात्रि और ईद जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के समय लोग पूजा अर्चना छोड़कर गैस सिलेंडर के लिए भटकने को मजबूर हैं और ब्लैक में ऊंचे दामों पर सिलेंडर खरीदने के लिए विवश हैं। इस दौरान प्रमोद दुबे कुलदीप जुनेजा पंकज शर्मा आकाश शर्मा कन्हैया अग्रवाल जसवीर ढिल्लन राकेश धोत्रे देवेंद्र यादव अन्नू राम साहू प्रवीण चंद्राकर हीरेंद्र देवांगन देव कुमार साहू ओम श्रीवास विनोद ठाकुर कमल धृतलहरे अंजुमन ढेबर विजय टंडन मिलिंद गौतम सुरेश धिवर मुन्ना मिश्रा राज देवांगन दीपक चौबे सुनील भुवाल सत्तू सिंह सुरेंद्र चौधरी फहीम खान ऋषि देवांगन कल्पना सागर पद्मा कहार नवीन लाजरस हाजरुन बानो पूनम यादव ब्रह्मा सोनकर गावेश साहू संजय बंदे गौतम यादव जित्तु भारती वेंकट कुमार सजमन बाघ ईश्वर चक्रधारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मिट्टी में दबा मिला शव, हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर, 21 मार्च।** राजधानी के अभनपुर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। भरेंगाभाटा से नवागांव मार्ग पर एक शव मिट्टी में दबा हुआ मिला है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि शव को मिट्टी में दबाया गया था, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है।

फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि तहसीलदार की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला जाएगा, जिसके बाद ही लिंग और पहचान की पुष्टि हो सकेगी। घटनास्थल पर अभनपुर थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और शव मिलने के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। आने वाले समय में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामले में और खुलासा हो सकेगा।

### उरला इलाके में कंकाल मिलने से फैली सनसनी

**रायपुर, 21 मार्च।** राजधानी रायपुर के उरला स्थित मेटल पार्क इलाके में कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान दिलीप (उम्र 45-50 वर्ष) के रूप में की गई है, जिसकी एक माह पहले गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले की सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच, थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी घटना स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। उरला थाना पुलिस के मुताबिक, फिलहाल कंकाल बरामद हुआ है और टीम मौके पर जांच कर रही है।



## घर-जमीन की रजिस्ट्री हुई सस्ती

# सरकार ने खत्म किया 0.60% सेस

**रायपुर, 21 मार्च।** छत्तीसगढ़ में अपना घर बनाने या जमीन खरीदने का सपना देख रहे मध्यमवर्गीय परिवारों और किसानों के लिए साथ सरकार ने बड़ी राहत दी है. शुक्रवार को विधानसभा ने 'छत्तीसगढ़ उपकर (संशोधन) विधेयक, 2026' को ध्वनिमत से पारित कर दिया. अब अचल संपत्ति की रजिस्ट्री पर लगने वाला 0.60% सेस को खत्म कर दिया गया है.

वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि इस फैसले से जनता पर पड़ने वाला सालाना 460 करोड़ का बोझ कम होगा. 2023 में पूर्व कांग्रेस सरकार ने 'छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन' और 'राजीव गांधी मितान क्लब' के संचालन के लिए स्टाम्प शुल्क पर 0.60% सेस लगाया था. चूंकि अब 'मितान क्लब' अस्तित्व में नहीं है और रोजगार योजनाओं का खर्च सामान्य बजट से दिया जा रहा है, इसलिए जनता पर यह ÷अनावश्यक बोझ लादे रखने का कोई औचित्य नहीं था.

राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में वर्गमीटर आधारित मूल्यांकन को खत्म कर फिर से हेक्टेयर दर लागू कर दी है. इससे छोटे जमीन मालिकों को 300 से 400 करोड़ रुपए का लाभ होगा. साथ ही, कृषि भूमि पर ढाई गुना मूल्यांकन और पेड़ों के अलग से मूल्यांकन जैसे जटिल नियमों को भी विदा कर दिया गया है. जमीन-मकान की रजिस्ट्री अधिक किफायती होगी.



### आम जनता को मिलेगी राहत : ओपी चौधरी

ओपी चौधरी ने बताया कि आम जनता को इससे बड़ी राहत मिलेगी. पंजीयन विभाग को अब 'वीजा ऑफिस' की तर्ज पर स्मार्ट बनाया जा रहा है. अब रजिस्ट्री होते ही बिना भटकते अपने आप नामांतरण हो जाएगा. अब तक 1.5 लाख लोगों को लाभ मिला. सुगम एप के जरिए लोकेशन और फर्जीवाड़े को रोकने के लिए आधार आधारित सत्यापन अनिवार्य हो गया है. इसी तरह 10 कार्यालयों को पीपीपी मोड पर वातानुकूलित और वाई-फाई युक्त बनाया जा रहा है.



### विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण को मिलेगी नई ऊर्जा : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आम नागरिक, किसान और मध्यमवर्गीय परिवारों पर किसी भी प्रकार का अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े. यह निर्णय केवल कर में राहत नहीं, बल्कि उन लाखों परिवारों के सपनों को सम्मान देने की दिशा में एक सार्थक पहल है, जो अपनी मेहनत की कमाई से घर और जमीन खरीदते हैं. इस कदम से संपत्ति के पंजीयन में वृद्धि होगी, आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण को नई ऊर्जा प्राप्त होगी.

## सरगुजा ओलंपिक पर वार-पलटवार

### बैज बोले-सरकार गारंटी दे, बस्तर ओलंपिक जैसे घोटाले नहीं होंगे

### सीएम ने कहा- जिन्होंने पांच साल तक प्रदेश को लूटा, वो हमें नसीहत न दें

रायपुर, 21 मार्च। बस्तर के बाद अब सरगुजा में हो रहे खेल आयोजन (सरगुजा ओलंपिक) को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष एक बार फिर आमने-सामने हैं. छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार गारंटी दे कि बस्तर जैसा घोटाला सरगुजा ओलंपिक में नहीं होगा. इस पर मुख्यमंत्री साय ने पलटवार करते हुए कहा कि जिन्होंने पांच साल तक छत्तीसगढ़ को लूटा, वो हमें हमें नसीहत दे, यह शोभा नहीं देता.

छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में आज से शुरू हो रहे सरगुजा ओलंपिक को लेकर कहा कि मार्च-अप्रैल की गर्मी में आयोजन कर सरकार युवाओं को सजा



दे रही है. ऐसे खेल का आयोजन ठंड में किया जाता है. अभी प्रदेश में परीक्षाएं चल रही हैं, युवा कैसे शामिल होंगे? सरकार गारंटी दे कि बस्तर जैसे सरगुजा ओलंपिक में घोटाले नहीं होंगे. जनता की गाढ़ी कमाई में घोटाले के लिए आयोजन हो रहा है.

वहीं सरगुजा ओलंपिक के शुभारंभ के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में बैज के बयान पर कहा कि आयोजन में ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभागियों को मौका दिया है. आज सरगुजा ओलंपिक का शुभारंभ है. तीन दिनों का संभाग स्तरीय आयोजन है. इसके अलावा अंबिकापुर में कृषक सम्मेलन का आयोजन है. क्षेत्र भर के किसान कार्यक्रम में शामिल होंगे. कुदरगढ़ महोत्सव का भी आयोजन है.

# आपसी भाईचारा, एकता व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से भरापूरा है सिंधी समाज का चेट्रीचंड पर्व : संजय

**रायपुर 21 मार्च।** सिंधु शक्ति संस्थान, रायपुर द्वारा चेट्रीचंड उत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव उपस्थित थे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा जरूरतमंदों के सेवा के लिये उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव द्वारा समाज की सेवा में लगे कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

संजय श्रीवास्तव ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि चेट्रीचंद त्यौहार, सामाजिक एकता और आपसी सदभावना को मजबूत करने का पर्व है। यह त्यौहार समाज की संस्कृति का संरक्षण करता है और मजबूत बनाता है। इस उत्सव ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि हम



अपनी संस्कृति और परंपराओं से गहरे जुड़ हुए है और इसका महत्व भविष्य में भी बना रहेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव, सिंधु शक्ति से किशोर आहूजा, मनोज डेंगवानी, भरत पमनानी, राजू तारवानी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

**अपील** | छत्तीसगढ़ में लईका घर के दो साल पूरे, राज्यभर में चाइल्ड केयर बढ़ाने के लिए 'केयर सर्कल' बनाएं

# बच्चों की सही परवरिश और देखभाल के तरीके से मिला परिवार को बल

**नगरी, 21 मार्च।** लईका घर कार्यक्रम की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर, मोबाइल क्रेचेस ने छोटे बच्चों की देखभाल करने वाले केयरगिवर्स और स्थानीय समुदाय के लोगों को एक साथ जोड़ा। छत्तीसगढ़ में लगभग 46% महिलाएँ काम-काज से जुड़ी हैं, जिनमें से ज्यादातर खेती-किसानी, वनोपज इकट्ठा करने और दिहाड़ी मजदूरी जैसे असंगठित क्षेत्रों में मेहनत करती हैं। वहीं दूसरी ओर, राज्य में 3 साल से कम उम्र के 17 लाख से ज्यादा बच्चे हैं, जिनमें से कई बच्चों के पास माता-पिता के काम पर जाने के बाद सुरक्षित देखभाल का कोई ज़रिया नहीं है। ज़रूरत इतनी ज़्यादा होने के बावजूद, क्रेच सुविधाएं बहुत कम जगहों पर ही उपलब्ध हैं,





जिससे कामकाजी और कमजोर वर्ग के परिवारों के बच्चों की देखभाल में एक बड़ा अंतर बना हुआ है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं की कामकाजी भागीदारी देश में सबसे ज्यादा दरों में से एक है, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षित बच्चों की देखभाल की सुविधा आज भी हजारों कामकाजी परिवारों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। पिछले दो सालों में नगरी के 'लइका घर' क्रैच समाज के लिए एक ऐसे जरूरी ठिकाने के रूप में उभरे हैं, जो 7 महीने से 3 साल तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद कर रहे हैं। ये केंद्र बच्चों को एक साथ कई सुविधाएं देते हैं, जैसे-सही पोषण, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा, साफ-सफाई, प्यार भरी देखरेख और शुरुआती खेल-कूद वाली शिक्षा। ये सभी चीजें बच्चों की बढ़त और उनके शुरुआती सीखने के लिए बहुत जरूरी हैं। बच्चों की मदद करने के साथ-साथ, इस कार्यक्रम ने स्थानीय महिलाओं के लिए कमाई के ज़रिए भी पैदा किए हैं। इन महिलाओं को देखभाल करने वाली (केयर गिवर्स)और सामुदायिक लीडर के रूप में ट्रेनिंग दी गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर परिवारों को बच्चों की सही परवरिश और देखभाल के तरीके सिखाने की ताकत मिली है। केयर गिवर्स रच रहे हैं बेहतर शुरुआत थीम पर किया गया। इस कार्यक्रम में वे अनुभवी केयरगिवर्स भी शामिल हुए जो शुरुआत से इस पहल का हिस्सा रहे हैं।

### मुख्य हिस्सों में शामिल

**ऑपरेशनल सैंड बॉक्स:** ये ऐसे मॉडल क्रैच (शिशु गृह) हैं जो बच्चों की सही परवरिश के ढांचे पर आधारित हैं। यहाँ स्वास्थ्य, पोषण, प्यार भरी देखरेख, शुरुआती शिक्षा और सुरक्षा जैसी सभी ज़रूरी चीज़ों को एक साथ जोड़कर दिखाया जाता है कि एक आदर्श शिशु गृह कैसा होना चाहिए।

**केयर सर्कल्स:** स्थानीय संस्थाओं के साथ मिलजुलकर काम करना ताकि बच्चों की देखभाल के सफल तरीकों को और भी आगे बढ़ाया जा सके। जैसे नगरी मेंअजीम प्रेमजी फाउंडेशनके सहयोग से 64 पालना घरचल रहे हैं, जो अभी 35 ग्राम पंचायतों के 1,100 से ज़्यादा बच्चों की देखरेख कर रहे हैं। इन बच्चों को अब पहले से बेहतर पोषण मिल रहा है, जिससे कुपोषण में कमी आ रही है और उनकी सेहत सुधर रही है। साथ ही, कामकाजी माता-पिता—खासकर माँएं—बिना किसी चिंता के अपनी कमाई के काम पर जा पा रही हैं, क्योंकि उनके बच्चे सुरक्षित और प्यार भरे माहौल में हैं।

**शहरी स्थानीय निकाय :** छत्तीसगढ़ केशहरी प्रशासन को इस बात के लिए प्रेरित करना कि वे भी 'लाइका घर' मॉडल से सीख लें। इसका मकसद है कि शहरों के विकास और मज़दूरों की मदद से जुड़ी योजनाओं मेंबच्चों की देखभाल (पालना घर)की सुविधा को भी शामिल किया जाए।

सबको मिलकर आगे आने का बुलावा देते हुए, मोबाइल क्रैच की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुमित्रा मिश्रा ने कहा बच्चों के लिए सुरक्षित पालना घर सिर्फएक समाज सेवा नहीं है—यह आज की आर्थिक ज़रूरत है। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में, जहाँ बड़ी संख्या में महिलाएँ काम-काज से जुड़ी हैं, वहां अच्छी क्वालिटी के पालना घर बच्चों और माता-पिता, दोनों की ज़िंदगी बदल सकते हैं। मोबाइल क्रैच सभी संस्थाओं, स्थानीय संगठनों और सरकारी निकायों को'केयर सर्कल्स'के ज़रिए साथ आने का न्योता देता है, ताकि हम बच्चों की देखभाल की इन सुविधाओं को और भी विस्तार दे सकें। मिलकर हम यह पक्का कर सकते हैं कि ज़्यादा से ज़्यादा महिलाएँ बिना किसी डर के काम पर जा सकें और ज़्यादा से ज़्यादा बच्चों को वह प्यार भरी देखरेख मिले जिसके वे हकदार हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26